तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 26.2 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 3 अगस्त 2025

[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]



बृहस्पति बाजार में खुला स्विच बाक्स दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण।

## खबर संक्षेप

### व्यापार विहार पानी टंकी की सफाई आज

**बिलासपुर।** नगर निगम सीमा क्षेत्र स्थित पानी टंकियों का सफाई अभियान एक बार फिर शुरू किया गया है। ऐसे में रविवार 3 अगस्त को व्यापार विहार स्थित उच्च स्तरीय जलागार (पानी टंकी) की सफाई की जाएगी। इस काम को पूरा करने छह से 10 घंटे तक का समय लग सकता है। पानी टंकी की सफाई की वजह से जल प्रदाय क्षेत्र तालापारा, कुम्हार पारा, शेष कालोनी, विनोबा नगर, संजय नगर, श्रीकांत वर्मा मार्ग, एफसीआई मार्ग में रविवार शाम को पानी सप्लाई नहीं होगी। निगम ने लोगों से अपील की है कि रविवार सुबह के समय होने वाली पानी सप्लाई के दौरान आवश्यकता के हिसाब से पानी का संग्रहण कर लें।

### निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज

**बिलासपुर।** आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा व्दारा 3 अगस्त को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर गांधी चौक दयालबंद स्थित चतुर्वेदी कॉम्प्लेक्स में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार व्दिवेदी एवं महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दिव्या चतुर्वेदी ने बताया कि संकल्प नेत्र चिकित्सालय एवं अमर ज्योति आप्टिकल्स के संयुक्त सहयोग से आर्यवृत्त ब्राह्मण महासभा द्वारा निःशुल्क स्वास्थ परीक्षण की यह सेवा दी जा रही है। जिसमें निःशुल्क मधुमेह परीक्षण, रक्तचाप परीक्षण एवं नेत्र परीक्षण की सेवा दी जा रही है। शिविर में संकल्प नेत्र चिकित्सालय के डॉक्टर संदीप तिवारी एवं अन्य विशेषज्ञ अपनी सेवा देंगे।

### आरटीओ ने बनाए 101 लर्निंग लाइसेंस

**बिलासपुर।** सुशासन तिहार में मिले आवेदनों के निबटाने के लिए परिवहन विभाग ने कोटा ब्लॉक में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया। 2 अगस्त को आयोजित आमागोहन शिविर में 11 बजे से आवेदन स्वीकार किए गए। बताया जा रहा है कि सुशासन तिहार के दौरान 18 मई को लर्निंग लाइसेंस का आवेदन प्राप्त हुआ था। इस दौरान मुख्यमंत्री के आगमन के बाद 80 आवेदक मिले। आरटीओ ने 80 आवेदन पर कार्रवाई करते हुए लर्निंग लाइसेंस बना दिया है। 2 अगस्त के शिविर में क्षेत्र के 20 आवेदक द्वारा लर्निंग लाइसेंस की मांग की, परिवहन विभाग द्वारा तत्काल लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया गया।

## आज से खुलेंगे खूंटाघाट डेम के गेट



**बिलासपुर।** वेस्ट वियर से चल रही धार को देखते हुए खूंटाघाट जलाशय से पानी छोड़ा जाएगा। खूंटाघाट जलाशय के गेट रविवार 3 अगस्त को खोले जाएंगे। बांए तट मुख्य नहर से 100 क्यूसेक और दांए तट मुख्य नहर से 50 क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। इससे खेती-किसानी के कामों में तेजी आएगी और पानी का उपयोग हो सकेगा।

# फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर दिया झांसा, बुजुर्ग से 57 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**डिजिटल अरेस्ट का मामला**

खुद को मुंबई का फर्जी पुलिस अधिकारी बताकर ठग ने शहर के बुजुर्ग को करोड़ों के घोटाला मामले में संलिप्तता होने का भय दिखाया, फिर मामले से बचाने का झांसा देकर 57 लाख रुपए की ठगी कर ली। पुलिस साइबर सेल के सहयोग से मामले की जांच कर रही है।

सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, क्षेत्र के रहने वाले एक 68 वर्षीय बुजुर्ग के मोबाइल में अनजान मोबाइल नम्बर से फोन आया। फोन करने वाले ने अपने आपको को मुंबई पुलिस का अधिकारी बताते हुए कहा एक प्राइवेट कंपनी का डायरेक्टर नरेश गोयल करोड़ों के घोटाला मामले में पकड़ा गया है। जांच में उनका आधारकार्ड नम्बर व बैंक एकाउंट नम्बर मिला है। उक्त मामले में वे भी आरोपी बनेंगे। इससे बुजुर्ग घबरा गए और अपने आपको निर्दोष बताते रहे। फर्जी पुलिस अधिकारी ने कहा बैंक एकाउंट में जितना पैसा है, उसको उनके बताए गए बैंक खाते में ट्रांसफर करना होगा। उक्त पैसे की आरबीआई से जांच करानी होगी, उसके बाद ही उन्हें बचाया जा सकता है। डरे सहमे बुजुर्ग ने अपने दो बैंक खाते में जमा राशि 57 लाख रुपए उनके बताए गए बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया। बाद में उन्होंने यह बात अपने घरवालों को बताई। उसके बाद उन्हें आनलाइन ठगी होने की जानकारी हुई। पुलिस ने बुजुर्ग की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 66 डी के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### रजिस्ट्रेशन शुरू होते ही मचा था बवाल

# चिकित्सा शिक्षा विभाग ने दिया केटेगरी बदलने का आप्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एमबीबीएस और बीडीएस की पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट के लिए प्रदेश के शासकीय व निजी मेडिकल कालेज में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 29 जुलाई से शुरू हुए इस प्रक्रिया में केटेगरी चेंज करने का आप्शन हटा दिया गया था, जिसके बाद छत्तीसगढ़ राज्य के हजारों बच्चों के सामने एडमिशन से वंचित होने का खतरा बना हुआ था। इसकी शिकायत विभाग के आला अधिकारियों से की गई, जिसके बाद विभाग ने अपनी गलती सुधारते हुए केटेगरी के आप्शन में सुधार कराया है, 2 अगस्त से पोर्टल में केटेगरी बदलाव का आप्शन खोल दिया गया है।

हर साल की तरह इस बार भी मेडिकल के स्टूडेंट के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की शुरूआत हो चुकी है, 29 जुलाई से 4 अगस्त के बीच स्टूडेंट रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं, लेकिन रजिस्ट्रेशन पोर्टल में केटेगरी चेंज का आप्शन चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा हटा दिया गया था। ऐसे में नीट के फार्म में डाले गए केटेगरी के आधार पर ही रजिस्ट्रेशन किया जा रहा था, जबकि हर साल केटेगरी चेंज का विकल्प विभाग द्वारा दिया जाता रहा है। इस समस्या से जुझ रहे ओबीसी, ईडब्ल्यूएस और जरनल केटेगरी के स्टूडेंट खासे परेशान थे। दरअसल जिस दौरान नीट के फार्म डाले जाते हैं, उसे दौरान स्टूडेंट के पास ओबीसी, ईडब्ल्यूएस के सर्टिफिकेट नहीं होने पर जनरल केटेगरी के हवाले से ही फार्म डाला जाता है, लेकिन इस विकल्प को रजिस्ट्रेशन के दौरान बदला जा सकता है, लेकिन इस बार आप्श्न हटा दिया गया था। इसकी शिकायत आला अधिकारियों से की गई, जिसके बाद अधिकारियों का माथा ठनका और अपनी लगती मानते हुए विभाग ने केटेगरी बदलाव का आप्शन एक बार फिर दिया है। जिससे हजारों स्टूडेंट को अपनी केटेगरी में एडमिशन मिलना संभव हो सकेगा।

**अब हजारों स्टूडेंट होंगे पात्र**



### इसलिए होती है दिक्कतें

बताया जा रहा है कि ईडब्ल्यूएस के कोटे में दो तरह का सर्टिफिकेट बनाया जाता है, सेंट्रल के सर्टिफिकेट को स्टेट में मान्य नहीं किया जाता है। ऐसे में अगर किसी स्टूडेंट्स के पास सेन्ट्रल का सर्टिफिकेट नहीं है तो स्टूडेंट को नीट के फॉर्म में ईडब्ल्यूएस का फार्म नहीं भर सकता है। अगर स्टूडेंट द्वारा फार्म भरा जाता है तो ऑल इंडिया कांउसिलिंग के डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन के समय उसे बाहर कर दिया जाता है। वहीं राज्य में स्पेशल एसटी के 24 सीट उपलब्ध है, लेकिन नीट के फार्म में यह उपलब्ध नहीं है, ऐसे में उसे एसटी ही माना जाता है। साथ ही ओबीसी केटेगरी में भी सेंट्रल और स्टेट के सर्टिफिकेट अलग-अलग होते हैं।

### एडिट का मिला आप्शन

चिकित्सा स्नातक एमबीबीएस और बीडीएस पाठ्यक्रम की काउसिलिंग में शामिल होने वाले सभी अभ्यार्थियों के लिए रजिस्ट्रेशन पोर्टल में एडिट का विकल्प उपलब्ध कराया गया है। विकल्प का उपयोग करने पर पूर्व में किए गए च्वाइस फिलिंग स्वतः ही शुन्य हो जाएगी। अभ्यार्थी को पुनः संस्था चयन करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी द्वारा एडिट करने के बाद निर्धारित समय-सीमा में संस्था का चयन नहीं करने पर आबंटन नहीं किया जाएगा।

### किया गया बदलाव

छात्रों के हितों को देखते हुए पोर्टल में बदलाव किए गए हैं, इसका फायदा उन्हें मिलेगा।

**- यूएस पैकरा,** डीएमई, चिकित्सा शिक्षा विभाग

# रांग साइड से कार सवार महिला ने ई-रिक्शा को मारी थी टक्कर, इलाज के दौरान घायल बालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- **पुलिस ने काउंटर में ई-रिक्शा चालक पर दर्ज कर दिया जुर्म**

एक सप्ताह पहले कार सवार महिला ने रांग साइड में तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ई-रिक्शा को टक्कर मार दी थी। हादसे में मासूम बच्ची सहित 3 लोग घायल हो गए थे। इलाज के दौरान 14 साल के बालक की मौत हो गई है। हास्यापद यह है कि पुलिस ने कार सवार की रिपोर्ट पर ई रिक्शा चालक के खिलाफ काउंटर अपराध दर्ज किया है।

ज्ञात हो कि 25 जुलाई की रात 10.30 बजे वसुंधरानगर निवासी राहुल चतुर्वेदी ई रिक्शा से अपनी बाइक के लिए पेट्रोल खरीदने जा रहे थे। साथ में घर व पड़ोसी के बच्चे को घुमाने ले गए थे। उसलापुर की ओर से आते समय मंगला बाइपास पेट्रोल पंप के पास रांग साइड से काले रंग की कार क्रमांक सीजी 10 बीव्हाय, 3300 में सवार महिला ने उनके ई रिक्सा को टक्कर मार दी थी। हादसे में 3 साल की बच्ची बाबू, 14 साल का ताराचंद जांगड़े पिता भारत जांगड़े, राहुल चतुर्वेदी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बड़े भाई अरविंद चतुर्वेदी की रिपोर्ट पर कार चालक अज्ञात महिला के खिलाफ के खिलाफ 125ए, 281, 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया था। प्रधान आरक्षक नवीन सोनकर ने बताया, शुक्रवार को इलाज के दौरान ताराचंद जांगड़े की मौत हो गई है। पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

### बिना जांच के ई-रिक्शा चालक पर काउंटर अपराध

मजेदार बात यह है कि आनन फानन में उसी रात को सिविल लाइन पुलिस ने बिना घटनास्थल की जांच किए। उल्टा कार सवार नेहरू नगर निवासी ऋषभ वासवानी पिता रवि वासवानी की रिपोर्ट पर काउंटर ई रिक्शा चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। जबकि कार ने रांग साइड मे जाकर तेज रफ्तार से ई रिक्शा को टक्कर मारी थी। आलम यह है कि 14 साल के बालक की मौत हो गई है। सड़क दुर्घटना में काउंटर अपराध ने पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा दिया है।

### दोनों गाड़ी आपस में टकराईं

कार व ई रिक्शा बीच सड़क पर आपस में टकराए थे। सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहा है। दोनों पक्ष ने रिपोर्ट लिखाने थाने आए थे। फुटेज देखकर दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज किया गया था।

**- एसआर साहू** सिविल लाइन टीआई

### मोबाइल लैब में होगी होटल और रेस्टोरेंट के खाने की जांच

**बिलासपुर।** प्रदेश में 4 से 6 अगस्त तक 'बने खाबो-बने रहिबो' अभियान चलाया जाएगा। खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग तीन दिनों तक खाने-पीने की चीजों की जांच करने के साथ लोगों के बीच जागरूकता अभियान भी चलाएगा। होटलों, रेस्टारेंट, मिठाई दुकान और स्ट्रीट वेंडर्स द्वारा तैयार किए जाने वाले खाद्य पदार्थों के सैंपल की आन-द-स्पॉट जांच की जाएगी। हर जिले में विभाग टीम मोबाइल लैब के साथ निकलेगी ताकि लोगों को असुरक्षित भोजन से होने वाली बीमारियों व संक्रमण से बचाया जा सके। अधिकारियों के अनुसार स्ट्रीट फूड वेंडर्स, रेस्टोरेंट संचालकों को नए खाद्य अधिनियम की जानकारी दी जाएगी। साथ ही जांच के दौरान खाने पीने की चीजों में मिलावट या असुरक्षित मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। होटल, रेस्तरां, बेकरी, नमकीन और मिठाई की दुकानों की हाइजीन रेटिंग तय की जानी है। हाइजीन रेटिंग तय होने के बाद इसे आनलाइन किया जाएगा।

MARK OF SPECIALIZED EXCELLENCE



किडनी और यूरीन की सभी समस्याओं का इलाज अनुभवी विशेषज्ञों के साथ

यूरोलॉजी सेवाएं:
- लेजर से पथरी का इलाज –बिना चीरे
- बिना दर्द प्रोस्टेट ऑपरेशन
- पेशाब नली की सिकुड़न का इलाज
- किडनी और मूत्राशय के कैंसर का समय पर इलाज
- छोटे चीरे से, पथरी की सुरक्षित ऑपरेशन तकनीक (PCNL)

नेफ्रोलॉजी सेवाएं
- हेमो डायलिसिस
- पमकैथ टनल्ड डायलिसिस
- सीएपीडी (पेरिटोनियल डायलिसिस)
- किडनी बायोप्सी

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486
Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
Email: Info@markhospital.com

AdPRAYAS

फ्री एंट्री, फ्री पार्किंग

इस वर्ष 2025 में राखी के त्यौहार पर
सबसे बड़ा हाईलाइट डिस्काउंट ऑफर 3, 4 व 5 August

ऑनलाइन ऑर्डर में भारी कमी होने के कारण
इस वर्ष फैक्ट्री मालिकों के पास करोड़ों रुपए का स्टॉक जमा हो गया।

MENS WEAR, KIDSWEAR, LADIES WEAR

कम्पनी के डायरेक्टर द्वारा लिया गया अर्जेन्ट फैसला
सिर्फ फण्ड की आवश्यकता पड़ने पर

500, 1000 से 1500 रुपए तक के बिकने वाले ब्रांडेड गारमेंट्स आइटम्स
डायरेक्ट बिलासपुर के रिटेल ग्राहकों को कैश एण्ड कैरी
मात्र 100, 200 व 250 रुपए में बिक्री कर दिए जाएंगे

1000 से 2500 तक में बिकने वाले एक्सक्लूसिव ब्रांड के गारमेंट्स भी
मात्र 350 - 550 रुपए में बिक्री कर दिए जाएंगे

हम बिक्री कर रहे गारमेन्ट्स के ब्राण्डों के नाम ओपन नहीं कर सकते, क्योंकि इतने कम रेटों पर बिक्री करना हमारी मजबूरी है

आश्चर्यजनक किंतु सत्य

बच्चा टी-शर्ट, नेकर, जीन्स शर्ट, लोअर, टॉप जीन्स 600 से 900 रु वाली
लीजिये मात्र 150 से 350 रुपए में

कुर्ती, प्लाज़ो, लोअर, कैपरी, वेस्टर्न टॉप जीन्स 700 से 2500 रु वाली
लीजिये मात्र 100 से 350 रुपए में

1500 से 2500 रु तक में बिकने वाले ब्रांडेड जेंट्स टी-शर्ट लीजिये मात्र 200 से 250 रुपए में
1200 से 2100 रु तक में बिकने वाले लॉन्ग कुर्ती, वन-पीस लीजिये मात्र 350 रुपए में
1700 से 3000 रु तक में बिकने वाले जेंट्स जीन्स, ट्राउज़र्स लीजिये मात्र 350 से 590 रुपए में

यह बिक्री सिर्फ 3 दिन के लिए होगी 3, 4 व 5 अगस्त
समयः प्रातः 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक

नोट :
1. बिलासपुर की जनता को सूचित किया जाता है कि हमारा मकसद सेल लगाकर माल बेचना नहीं है.
2. कंपनी पर बैंक का अत्यंत दबाव होने के कारण कंपनी को अर्जेन्ट फण्ड की आवश्यकता होने के कारण कंपनी अपने वेअरहाउस में रखे प्रीमियम स्टॉक को अब सेल सस्ती बिक्री करने को मजबूर है.
3. हमारी कंपनी के द्वारा न पहले कभी सेल लगायी गयी है, न इसके बाद लगायी जाएगी.

साड़ियां और कुर्ती 50/- से 100/-

VENUE:
श्री जगन्नाथ मंगलम
आनंद होटल के बाजू, पुराना बस स्टैंड रोड, बिलासपुर
कृपया ध्यान दें यह बिक्री केवल 3 दिनों के लिए रखी गई है : रविवार, सोमवार व मंगलवार

sumit


पावन प्यार के बंधन के साथ,
नए परिधानों की झमाझम बरसात
New Generation THE COMPLETE FAMILY STORE Raipur | Bilaspur
झमाझम SALE
UPTO 60% Off
रक्षाबंधन
के शुभ अवसर पर, अपनों को दें एक अनमोल तोहफ़ा, बेजोड़ फ़िट, स्टाइलिश डिज़ाइन और बचत की झमाझम बारिश के साथ। New Generation लेकर आया है झमाझम सेल, जहाँ 60% तक की बचत के साथ हर लुक बनेगा यादगार।
BLACKBERRYS
MUFTI
spykar
KILLER
ROOKIES
U.S. POLO ASSN.
JUNIOR KILLER
JACK&JONES JUNIOR
peppermint
CRIMSOUNE CLUB
ONLY
RARE RABBIT
SHECZZAR
four buttons
JACK&JONES
MINIKLUB
RARE ONES
RAREISM
U.S. POLO ASSN. Kids
By Jini Nimi
Syclone india
Line Up
RUFF
tathastu
nostrum
UNITED COLORS OF BENETTON.
LAVIE
UVAAM
bambini
Archie's
KINS JEANS
CHASE
AAGAM
Pink
Manyavar
DEAL JEANS
BLAZO
TADPOLE
GUSTO CLOTHING
UNIKON
Reverse X-treme
TINY BABY
& more than 100+ Brands
New Generation® THE COMPLETE FAMILY STORE
Raipur | Bilaspur
Conceptualized by AdPRAYAS
Contact No. RYP : 8889013777 | BSP : 8889013100
RAIPUR : GATE NO. 4, NEW CLOTH MARKET PANDRI, RAIPUR, CG 492001
BILASPUR : PHIL GROUP TOWER, CMD CHOWK, BILASPUR, CG, 495001

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, रविवार 3 अगस्त 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



# जातपात पूछे नहिं कोई, हरि को भजे सो हरि का होई





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्व. गोविन्दराम सचदेव सिंधु भवन तोरवा में चल रही श्री राम कथा में के प्रारंभ में भावपूर्ण भजन कर सभी ईश्वर रूपों को आमंत्रित किया गया, कथावाचक स्वामी परमात्मानंद गिरी ने कहा की वनवास में श्री राम अगस्त्य ऋषि के आश्रम जाते हैं, जहाँ उन्हें अगस्त्य ऋषि शस्त्र भेंट करते हैं और उनकी जटायु से भेंट होती है। राम लक्ष्मण संवाद में राम जी,लक्ष्मण जी को ज्ञान देते हैं ईश्वर,जीव,भक्ति , माया अध्यात्म के बारे में बताते हैं।

श्री राम जी ने सीता माता को कहा के अब मनुष्य लीला करनी है, तब में राक्षसों का नाश कर सकूं,तब तक तुम अग्नि में निवास करो। सीता माता सब समझ कर अग्नि में समा गईं और अपनी ही छायामूर्ति वहाँ रख दी। शूर्पणखा का विवरण पंचवटी आश्रम में बताया। रावण मारीच के पास जाता है तब मारीच रावण को सचेत करता है कि आप राम का विरोध मत करो, अन्यथा अंत हो जाएगा। रावण के नहीं समझने पर मारीच श्रीरघुनाथ के हाथों प्राण त्याग करना बेहतर समझता है। लक्ष्मण रेखा विवरण और रावण द्वारा साधु का वेष धारण कर के सीता हरण की कथा बताई गई। स्वामी जी ने कहा कि रावण जैसा बलवान राजा चोरी छिपे आता है, ग़लत कार्य में मनुष्य को डर लगता ही है। सीता हरण मृग के कारण होता है,जटायु रावण को रोकने का प्रयास करते हैं। स्वामी बोलते हैं कि रामायण में स्त्री अपराध पर पक्षी भी प्रतिरोध करते हैं, तो हम मनुष्यों को तो करना ही चाहिए। जटायु बताते हैं कि रावण दक्षिण की तरफ़ गया है। शबरी के प्रेम और जूठे बेर की कथा में संदेश है कि "हरि को भजे सो हरि का होई "प्रभु के लिए कोई जात पात, ऊंच नीच नहीं होता है। आगे नवधा भक्ति सुनाते है, कथा के बीच में स्वामी द्वारा राम भाजन और भजन कराया गया। संत का क्रोध भी कल्याण करता है, जैसे माँ का क्रोध होता है। उन्होंने बताया कि भगवान की हनुमान से भेंट होती है, वे सुग्रीव से मिलाते हैं। भगवान बाली का वध करते हैं,आगे अंगद,हनुमान और जामवंत शोध और खोज के लिए दक्षिण की तरफ़ जाते हैं। जटायु का छोटा भाई संपाति आगे का रास्ता बताता है।

### हवन-भंडारा आज

आयोजन समिति ने बताया की रविवार को प्रातः 8 बजे हवन प्रारंभ होगा और कथा 10 बजे प्रारंभ होकर विश्राम 1 बजे होगा, इसके बाद भंडारा होगा। शनिवार के विशिष्ट अतिथियो मे संतोषी महिला समिति, शारदा भजन मंडली महिला समिति,डॉ ललित माखीजा, यश मनहर, राजेश तिवारी, मोती गंगवानी, निर्मल जीवननी,श्याम थावरानी, मेंघा माखीजा,नीरज गेमनानी, शंकर मानिकपुरी, प्रदीप निर्णेजक, डॉ ओमप्रकाश माखीजा, श्री वी पी सिंह, चंचल सलूजा सहित अन्य मौजूद थे।

## श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया





श्री दुर्गा सप्तशती बीज मत्र महालक्ष्मी अनुष्ठान तेलीपारा में हुआ,महालक्ष्मी साधना एक शक्तिशाली साधना है जो धन, समृद्धि, और सुखशांति प्रदान करती है। इस साधना को श्रद्धा और विश्वास के साथ करने से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाए जा सकते हैं। कामना सिद्धि के लिए अनुष्टान किये जाते हैं, माँ दुर्गा शप्तशती 700 बीज मन्त्र, श्री महालक्ष्मी का ध्यान जप, श्री महालक्ष्मी हवन, श्री महालक्ष्मी आरती अंत में साधकों द्वारा बनाया गया माँ का प्रसाद भंडारा से अनुष्ठान संपन्न हुआ। माता लक्ष्मी घर में तीन रूपों में रहती है माँ या सास, बहु और बेटी यदि यह तीनो प्रसन्ने रहते हैं तो माँ की कृपा घर पर बनी रहती है। जिस घर में घर के बुजुर्गों का अपमान होता है तथा उनको धन या व्यवस्था के लिए कष्ट दिया जाता है वहा लक्ष्मी रूठ जाती है, और कुलक्ष्मी का वास हो जाता है। यदि हम अपने जीवन मे धन या जायदाद या कुछ भी चल से प्राप्त करते हैं तो माँ लक्ष्मी हमपर कुपित होती है जिसका असर देर सबेर हमर जीवन पर अत है। कोई भी सतकार्म या दुश्कर्म अपने प्रभाव ले कर अत है यह श्रृष्टि का अकाट्य नियम है, कोई भी अच्छे विचार या गलत विचार भी अपना असर दिखाते हैं।

## पंजाबी हिंदू समाज की महिलाओं ने मनाया उत्सव



पंजाबी हिंदू समाज महिला प्रकोष्ठ के द्वारा सावन उत्सव मनाया गया सभी महिलाएं हरे रंग के परिधान में पहुंची। कार्यक्रम में 150 से अधिक महिलाएं ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शशि अमर अग्रवाल थी, कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रैंप वॉक, हाउजी, सांस्कृतिक कार्यक्रम शिव स्तुति रेट्रो और मेट्रो थीम पर डांस रहा। संस्था के सदस्यो से सावन सुंदरी प्रथम निधि सोबती, द्वितीय ज्योति मल्होत्रा व तृतीय कांता सूजन को दिया गया। इसके साथ ही मेघा सुंदरी का चयन किया जिसमें काजल घई एवं अर्शिका सलूजा को दिया गया। अध्यक्ष योगिता दुआ ने आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में रजनी ऋषि, रमा ऐरी, सरिता सलूजा, सोनल सलुजा, मानसी मलिक, अंजली सलूजा, रत्ना , रेणु चोपडा, गीता , शालिनी, संगीता सानन,अनिता कोहली,सुनीता कोहली,आचल, नेहा ऋषि, हरीश अरोरा आदि उपस्थित रहे।

## माहेश्वरी महिला संगठन का तीज कार्यक्रम



माहेश्वरी महिला संगठन ने तीज कार्यक्रम मनाया गया, जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत भगवान महेश की पूजा अर्चना से की। भुट्टे के व्यंजनों में सरिता,सुचिता, पूजा मुंदड़ा, मीना,रिमझिम सोमानी, शीला,चारु राठी, श्रीमती मोनिका ,श्वेता झंवर, ममता भट्टर, पूनम तोषनीवाल ने भाग लिया। जिसमे भुट्टे से अप्रतिम और स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किये गए थे। जिसमे चारू राठी प्रथम मोनिका माहेश्वरी द्वितीय व पूजा मुंदड़ा तृतीय स्थान पर रहीं। सभी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया सबके व्यंजन एक से बढ़कर एक थे। साथ ही साथ सावन तीज गीत में नीलम डागा, शीला मालपानी,सरिता मुंदड़ा, सुधा मारदा, नीता ,रेखा माहेश्वरी, पूनम तोषनीवाल, ममता भट्टर, चारु राठी, विमला साबू ने भाग लिया। अध्यक्ष विनीता माहेश्वरी ने शानदार तरीके से मंच संचालन किया।

## साईं महिला मंडल ने मनाया सावन उत्सव

जबड़ापारा स्थित शिव साईं मंदिर में साईं महिला मंडल ने सावन उत्सव मनाया। गणेश वंदना के साथ विविध खेलों का आयोजन हुआ। शिवजी की पूजा-अर्चना व रुद्राभिषेक के बाद पंडित अनिल उपाध्याय ने शिव पुराण की कथा सुनाई। कार्यक्रम में कुर्सी दौड़ में सीमा दुसेजा प्रथम व भारती यादव द्वितीय रहीं। बिंदी सजाओ में चंदा कुशवाहा ने पहला स्थान पाया, रजनी देवांगन द्वितीय रहीं। अंताक्षरी व भजन गायन भी हुआ। इस अवसर पर तारा देवी, भागीरथी राव, प्रमिला उपाध्याय, चंदना सेन गुप्ता, संगीता यादव, सीमा बजाज, निर्मला कौशल्या, प्रेमलता, श्रुति, गीता वैष्णव, मंगल, मंजू वर्मा, अनीता वर्मा, ज्योति कोचर सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं।



## सावन सुंदरी कार्यक्रम में नृत्य, गायन

जेपी बिहार की सभी बहनों ने सावन उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्रीति मिश्रा का एकल नृत्य मोरनी बागा में नाचे आधी रात,ग्रुप नृत्य सीमा श्रीवास्तव और सभी साथी का सावन के रीमिक्स गाने सपना गुप्ता एवं ग्रुप डांस हम तुम एक डोरी से,रामा रामा गजब हो गया बरसात में जब आएगा



की प्रस्तुति दी। इस मौके पर मीनू दुबे, प्रेमलता दुबे प्रीति सिंह, सीमा, सपना, सुमन, चंपा, संध्या, प्रीति मिश्रा, सोनू, भावना, कविता, सीमा श्रीवास्तव, कल्पना, प्रियंका, शिखा, अनामिका, ज्योति, गीता, रश्मि मौजूद थे।

### स्पोर्ट्स न्यूज



## खेलो इंडिया अस्मिता विमेंस सिटी लीग की नगर विधायक अमर ने की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

त्रिवेणी भवन में दो दिवसीय खेलो इंडिया अस्मिता विमेंस पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट्स सिटी लीग का आयोजन किया जा रहा है, प्रतियोगिता में 14 जिलों के 350 महिला खिलाड़ी 50 कोच मैनेजर और निर्णायक इसमें शामिल है। जिसका भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व विधायक अमर अग्रवाल ने कार्यक्रम की उद्घाटन की घोषणा की एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर पलक जायसवाल ने किया। विशिष्ट अतिथि जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष पंकज तिवारी, डीएसपी कविता धुर्वे, छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष सुशील मिश्रा, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपक सिंह, फ्यूचर साइन स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इमरान खान, बेसबॉल खेल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अख्तर खान के गरिमामय उपस्थिति में उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। आयोजन सचिव शेख शमीर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता महिलाओं की शक्ति और उनकी क्षमताओं को बढ़ावा देने का एक उत्तम अवसर है, प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजन अध्यक्ष यू.मुरली, पेंचाक सिलाट संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनीष बाग, महासचिव शेख समीर, जिला प्रमुख शेख अरबाज अली, खुशबू पाण्डेय, अलवेणी राव, आशीष अहिरवार आदि हैं।

## 54वीं राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में शामिल होगी आराध्या



पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय संगठन बैंगलोर में आयोजित 54 वीं राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आराध्या सिंह परिहार ट्रेन से 31 जुलाई को रवाना हो गई, 6 अगस्त बैंगलोर के आर्मी सर्विस कांपर्स स्वीमिंगपूल में आयोजित होना है।

इस राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं का शनिवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ उदघाटन हुआ, राष्ट्रीय खेल में शामिल होने शहर व पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय संगठन, बिलासपुर,रायपुर छत्तीसगढ़ रीजनल से आराध्या सिंह परिहार ने 50मीटर फ्रीस्टाइल और 50 बैकस्ट्रोक में हिस्सा लेंगे। आराध्या, रेलवे तरण ताल में प्रशिक्षण कोच हेमंत सिंह परिहार, शंकर पाण्डेय, सतोष पाल मार्गदर्शन में अभ्यास करती है। वे रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, विभाग में कार्यरत हैं चिंतामणी सिंह परिहार की सुपुत्री है,और भी अन्य खेलों व पुरे टीम को अच्छे प्रदर्शन के लिए स्कूल,के प्राचार्य, शिक्षिकाए, शिक्षकगण ने शुभकामनाएं दी।

## बैडमिंटन संघ की बैठक में आगामी खेलों पर चर्चा

राज्य बैडमिंटन संघ के निर्धारित खेल कैलेंडर अनुसार अंडर 11 व 13 के बालक-बालिकाओं की राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता जिला बैडमिंटन संघ के तत्वाधान में आगामी 3 सितंबर से 7 सितंबर तक तोरवा स्थित रेड डायमंड स्पोर्ट्स सेंटर में आयोजित किया जाना है। बड़े स्तर पर आयोजित राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर बैडमिंटन



संघ द्वारा बैठक रखी गई,जो इसके पूर्व भी निरंतर बैठकों का दौर जारी रहा हैं, जिसमें पदाधिकारी, सदस्यों, सहयोगियों की मौजूदगी में तैयारियों के विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

### एग्जाम

## प्रयोगशाला परिचारक की परीक्षा आज, 47 केन्द्रों में होगी परीक्षा

**बिलासपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा रविवार को आयोजित की गई है। यह परीक्षा सुबह पाली में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक संपन्न होगी। जिले में परीक्षा के लिए कुल 47 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं जहां 17 हजार अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षाओं में




पारदर्शिता बनाए रखने और नकल पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त दिशा-निर्देश लागू किए गए हैं। परीक्षा की समुचित तैयारी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। सभी केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा संचालन और अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए मूलभूत आवश्यकताओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। है। अभ्यर्थीयों को 10 बजकर 30 मिनट के बाद एग्जाम रुम के भीतर प्रवेश नहीं मिलेगा,इस समय का विशेष ध्यान अभ्यर्थियों को देना होगा। आबकारी भर्ती परीक्षा में बहुत से अभ्यर्थियों को तय समय के पांच मिनट बाद भी पहुंचने पर प्रवेश नहीं मिल सका था। इस भर्ती के माध्यम से 430 पदों को भरा जाएगा। प्रवेश से पूर्व मेटल डिटेक्टर से परीक्षार्थियों की पूरी जांच की जाएगी।

### स्पर्धा

## डीपीएस के छात्रों ने समाचार पत्र डिजाइनिंग में दिखाया कौशल




**बिलासपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में सह-शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत विद्यार्थियों में रचनात्मकता एवं नवीनता के उत्साह का संचार करने के उद्देश्य से अंतर सदनीय समाचार पत्र डिजाइनिंग प्रतियोगिता ग्रुप "एफ" के लिए आयोजित की गई। सभी प्रतिभागियों ने नवाचार एवं उत्कृष्ट कौशल के साथ अपने उत्साह का प्रदर्शन किया । सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति के आधार पर ग्रुप एफ नर्मदा सदन से वेदांती कंवर प्रथम, नर्मदा सदन से जीविषा सिंह द्वितीय,ब्रह्मपुत्र सदन से पलाक्षी सिंग तृतीय स्थान पर रहीं। संस्था प्राचार्य जसपाल सिंह मथ एवं आर.सी.मोहंती ने समस्त प्रतिभागियों के रचनात्मक कौशल एवं प्रतिभा की सराहना की। कार्यक्रम के निर्णायकों में माया शर्मा, संगीता उपाध्याय, सौम्या उपाध्याय ने महती भूमिका निभाई ।कार्यक्रम की संयोजिका सुरेखा तिवारी रहीं।

### आयोजन

## रक्षाबंधन के उपहार के रूप में नशामुक्ति का संकल्प लें

**बिलासपुर।** स्नेह के त्योहार रक्षा बंधन पर रेशम की डोर बंधवाने के बाद भाई बहन की रक्षा का संकल्प लेते हैं। इस साल ब्रह्माकुमारी बहनें विशेष मुहिम के अंतर्गत सभी बहनों को भाइयों की लंबी उम्र के लिए रक्षाबंधन के उपहार के रूप में नशामुक्ति का संकल्प लेने के



लिए प्रोत्साहित कर रही है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफ़ोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन के द्वारा विशेष व्यसन मुक्ति के लिए व्यसन मुक्ति रथ द्वारा जनजागरण अभियान की नई शुरुआत की गई है। ब्रह्माकुमारी बहनें सभी स्कूल-कॉलेज, वार्ड में जाकर विशेष बहनों को प्रोत्साहित कर रहीं है कि इस वर्ष बहनें भाई के स्वास्थ्य, खुशहाली, सफल और सार्थक जीवन के लिए राखी के तोहफे में उनसे नशा ना करने का संकल्प ले। सेवाकेंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने बताया कि नशे का सबसे अधिक खामियाजा महिलाओं एवं बच्चों को भुगतना पड़ता है। नशे ने कई घरों की खुशियों को मातम में बदल दिया है। नशा करने वाले परिवारों में अक्सर महिलाओं व बच्चों के साथ हिंसा होती है। व्यक्ति को भावनात्मक रूप से मजबूत बनाने के लिए सच्चे स्नेह की आवश्यकता है और जब सच्चे स्नेह से बहन अपने भाई से यह संकल्प करायेगी तो भाई भी अवश्य यह वचन अपनी बहन को देगा।

### उपलब्धि

## डीडी नेशनल चैनल पर हिमाचल सीरियल में सुधीर निभाएंगे किरदार



**बिलासपुर।** बांधवगढ़ क्षेत्र के एक छोटे से गाँव दमोय से आए सुधीर मिश्रा ने जिन्होंने ना सिर्फ कड़ी मेहनत और परिश्रम से नेशनल टेलीविजन में अपनी जगह बनाई बल्कि लोगों को अपने टैलेंट से दिल भी जीता है। सुधीर अब जागृति जैसे जी टीवी के एक सफलता भरे शो के बाद, दूरदर्शन के पारिवारिक धारावाहिक टीवी सीरियल हिमाचल से ओलंपिक तक का सफर में शिखर का किरदार निभाते हुए एक नए अंदाज और एक बेहतरीन अभिनय के साथ दिखने वाले है। शो का नाम साझा करते हुए हिमाचल से ओलंपिक तक का सफर की पूरी जानकारी उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल से जाहिर करते हुए दी। इस शो का सीधा प्रसारण 4 अगस्त से रोज डीडी नेशनल के चैनल पर सोमवार से शुक्रवार रोज शाम 7.30 बजे एवं पुनः प्रसारण सुबह 9:30 दिखाया जाएगा।



# नौकरी करने वाले न करें ये फाइनेंशियल गलतियां वर्ना पड़ सकता है पछताना

सुझाव | बिजनेस डेस्क

नौकरीपेशा लोगों के लिए वित्तीय स्थिरता हासिल करना महत्वपूर्ण होता है। लेकिन अनजाने में की गईं कुछ सामान्य गलतियां, बचत और भविष्य की योजनाओं को प्रभावित कर सकती हैं। सैलरी बढ़ने के साथ खर्च बढ़ाना, क्रेडिट कार्ड का गलत इस्तेमाल, बचत और निवेश को नजरअंदाज करना, इमरजेंसी फंड की कमी, और बजट न बनाना जैसी गलतियां आगे चलकर वित्तीय संकट का कारण बन सकती हैं। इन गलतियों से बचकर आप अपने वित्तीय लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। आइए इन पांच वित्तीय गलतियों और उनसे बचने के तरीकों के बारे में जानते हैं।

### सैलरी बढ़ने पर खर्च बढ़ाना

सैलरी बढ़ते ही लोग अक्सर अपने खर्चों को भी बढ़ा लेते हैं, जिसे 'लाइफस्टाइल इन्फ्लेशन' कहा जाता है। महंगे गैजेट्स, लग्जरी आइटम्स या बार-बार बाहर खाने जैसे फालतू खर्चे आपकी बचत को खत्म कर सकते हैं। इसका समाधान यह है कि अपनी बढ़ी हुई सैलरी का कम से कम 50 फीसद हिस्सा बचत या निवेश में लगाएं। उदाहरण के लिए, अगर आपकी सैलरी में 10,000 रुपये की वृद्धि होती है, तो कम से कम 5,000 रुपये को बचत खाते, म्यूचुअल फंड या अन्य निवेश विकल्पों में डालें।

### क्रेडिट कार्ड का गलत इस्तेमाल

सैलरी बढ़ने के साथ कई लोग क्रेडिट कार्ड ले लेते हैं और हर छोटी-बड़ी खरीदारी के लिए इसका उपयोग शुरू कर देते हैं। क्रेडिट कार्ड के चार्जेस, लेट फी, और ब्याज दरों की जानकारी न होने पर यह वित्तीय बोझ बन सकता है। क्रेडिट कार्ड का उपयोग सीमित और सोच-समझकर करें। बिल समय पर चुकाएं और अनावश्यक खरीदारी से बचें। हमेशा अपने क्रेडिट कार्ड की शर्तों, जैसे वार्षिक शुल्क और ब्याज दर, को समझ लें ताकि आप अतिरिक्त खर्चों से बच सकें।

### बचत को नजरअंदाज करना

कई लोग सोचते हैं कि बचत और निवेश 30-35 साल की उम्र में शुरू करना चाहिए, लेकिन यह एक बड़ी गलती है। पहली नौकरी से ही अपनी सैलरी का 20-30 फीसद हिस्सा बचत और निवेश में लगाना शुरू करें। उदाहरण के लिए, सिप (एसआईपी) के माध्यम से म्यूचुअल फंड में छोटी राशि से निवेश शुरू करें, जो लंबे समय में चक्रवृद्धि ब्याज के साथ बढ़ेगा। जल्दी शुरू करने से आपके पास रिटायरमेंट या बड़े वित्तीय लक्ष्यों के लिए पर्याप्त धन जमा हो सकता है।

### हेल्थ इंश्योरेंस की अनदेखी

इमरजेंसी फंड और हेल्थ इंश्योरेंस को टालना वित्तीय सुरक्षा के लिए खतरनाक हो सकता है। अप्रत्याशित खर्चों, जैसे मेडिकल इमरजेंसी या नौकरी छूटने की स्थिति, के लिए कम से कम 6 महीने का इमरजेंसी फंड जरूरी है। उदाहरण के लिए, अगर आपका मासिक खर्च 50,000 रुपये है, तो 3 लाख रुपये का फंड बनाएं। इसके अलावा, एक अच्छा हेल्थ इंश्योरेंस प्लान लें, जो अस्पताल के खर्चों को कवर करे और आपकी बचत को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण मददगार साबित होगा।

### बजट न बनाना

अगर आपको यह नहीं पता कि आपकी सैलरी कहां खर्च हो रही है, तो पैसा जल्दी खत्म हो सकता है। बिना बजट बनाए खर्च करना वित्तीय अनुशासन को तोड़ता है। बजट बनाकर अपने खर्चों को श्रेणियों में बांटें, जैसे किराया, किराना, बचत, और मनोरंजन। उदाहरण के लिए, 50-30-20 नियम का पालन करें। सैलरी का 50 फीसद जरूरी खर्चों पर, 30 फीसद इच्छाओं की पूर्ति करने पर और 20 फीसद बचत व निवेश के लिए आवंटित किया जाना चाहिए। बजट बनाने से आप अनावश्यक खर्चों को कम कर सकते हैं और अपने वित्तीय लक्ष्यों की ओर बढ़ सकते हैं।

### वित्तीय अनुशासन का महत्व

इन गलतियों से बचने के लिए वित्तीय अनुशासन अपनाना जरूरी है। नियमित रूप से अपनी आय और खर्चों की समीक्षा करें, और अपने वित्तीय लक्ष्य निर्धारित करें, जैसे घर खरीदना या रिटायरमेंट प्लानिंग। छोटे-छोटे कदम, जैसे ऑटोमेटेड बचत खाता या एसआईपी , लंबे समय में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। अगर आप निवेश के विकल्पों को समझने में नए हैं, तो वित्तीय सलाहकार की मदद लेना फायदेमंद हो सकता है।



**25 से 35% की दर से दे रहे हैं रिटर्न, इनकी रेटिंग भी हाई, अगर किसी एमएफ की स्कीम की टॉप रेटिंग है, तो फंड बेहतर विकल्प**

# निवेश के लिए सबसे सस्ते म्यूचुअल फंड, दिला सकते हैं बढ़िया रिटर्न

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

**स्कीम का एक्सपेंस रेश्यो कम है तो आपके निवेश की लागत कम होगी**

*म्यूचुअल फंड में निवेश करते समय जिन बातों का खास तौर पर ध्यान रखना चाहिए, उनमें उनका एक्सपेंस रेश्यो और रेटिंग भी है। किसी म्यूचुअल फंड स्कीम का एक्सपेंस रेश्यो कम होने का मतलब है कि आपके निवेश की लागत कम होगी। वहीं, म्यूचुअल फंड स्कीम का ट्रैक रिकॉर्ड और निवेश की रणनीति के आधार पर उसकी रेटिंग बनती है। अगर ये दोनों बातें पॉजिटिव हैं, यानी एक्सपेंस रेश्यो बहुत कम है और साथ में फंड को टॉप रेटिंग मिली है, तो इसका मतलब है कि वह फंड बेहतर विकल्प बन सकता है। अगर इसके बाद भी उनके प्रदर्शन को लेकर आशंका है तो हमने ऐसे 7 इक्विटी स्कीम की जानकारी दी है, जिनका एक्सपेंस रेश्यो कम है, रेटिंग मजबूत है और उन्होंने 5 साल की अवधि में हाई रिटर्न भी दिया है। चाहे लम्प सम हो या एसआईपी। आप भी इन पर विचार कर सकते हैं।*



### बंधन स्मॉल कैप फंड

बंधन स्मॉलकैप फंड का एक्सपेंस रेश्यो 0.39 फीसदी है और इसे वैल्यू रिसर्च पर 5 स्टार की मजबूत रेटिंग मिली है। फंड ने 5 साल में लम्स सम पर 37.47 फीसदी सालाना और 5 साल की एसआईपी में 33.96 फीसदी सालाना रिटर्न दिया है।

- एक्सपेंस रेश्यो : 0.39%
- रेटिंग : 5 स्टार
- 5 साल का लम्प सम रिटर्न : 37.47% सालाना
- 5 साल का एसआईपी रिटर्न : 33.96% सालाना
- कुल एसेट्स : 12,982 करोड़ रुपये (30 जून, 2025)
- मिनिमम लम्स सम : 1,000 रुपये
- मिनिमम एसआईपी : 100 रुपये

### एडलवाइस स्मॉल कैप फंड

एडेलवाइस स्मॉलकैप फंड का एक्सपेंस रेश्यो 0.42 फीसदी है और इसे वैल्यू रिसर्च पर 4 स्टार की मजबूत रेटिंग मिली है। फंड ने 5 साल में लम्स सम पर 35.10 फीसदी सालाना और 5 साल की एसआईपी में 29.52 फीसदी सालाना रिटर्न दिया है।

- एक्सपेंस रेश्यो : 0.42%
- रेटिंग : 4 स्टार
- 5 साल का लम्प सम रिटर्न : 35.10% सालाना
- 5 साल का एसआईपी रिटर्न : 29.52% सालाना
- कुल एसेट्स : 4,930 करोड़ रुपये (30 जून, 2025)
- मिनिमम लम्स सम : 100 रुपये
- मिनिमम एसआईपी : 100 रुपये

### एडेलवाइस फ्लेक्सी कैप फंड

एडेलवाइस फ्लेक्सी कैप फंड का एक्सपेंस रेश्यो 0.43 फीसदी है। इसे वैल्यू रिसर्च पर 4 स्टार की मजबूत रेटिंग मिली है। फंड ने 5 साल में लम्स सम पर 24.54 फीसदी सालाना और 5 साल की एसआईपी में 21.89 फीसदी सालाना रिटर्न दिया है।

- एक्सपेंस रेश्यो : 0.43%
- रेटिंग : 4 स्टार
- 5 साल का लम्प सम रिटर्न : 24.54% सालाना
- 5 साल का एसआईपी रिटर्न : 21.89% सालाना
- कुल एसेट्स : 2,802 करोड़ रुपये (30 जून, 2025)
- मिनिमम लम्स सम : 100 रुपये
- मिनिमम एसआईपी : 100 रुपये

### इन्वेस्को इंडिया स्मॉलकैप फंड

इन्वेस्को इंडिया स्मॉलकैप फंड का एक्सपेंस रेश्यो 0.44 फीसदी है और इसे वैल्यू रिसर्च पर 5 स्टार की मजबूत रेटिंग मिली है। फंड ने 5 साल में लम्स सम पर 35.01 फीसदी सालाना और 5 साल की एसआईपी में 31.47 फीसदी सालाना रिटर्न दिया है।

- एक्सपेंस रेश्यो : 0.44%
- रेटिंग : 5 स्टार
- 5 साल का लम्प सम रिटर्न : 35.01% सालाना
- 5 साल का एसआईपी रिटर्न : 31.47% सालाना
- कुल एसेट्स : 7,425 करोड़ रुपये (30 जून, 2025)
- मिनिमम लम्स सम : 1,000 रुपये
- मिनिमम एसआईपी : 500 रुपये



### केनरा रोबेको लार्जकैप फंड

केनरा रोबेको लार्जकैप फंड का एक्सपेंस रेश्यो 0.45 फीसदी है और इसे वैल्यू रिसर्च पर 4 स्टार की मजबूत रेटिंग मिली है। फंड ने 5 साल में लम्स सम पर 20.44 फीसदी सालाना और 5 साल की एसआईपी में 18.27 फीसदी सालाना रिटर्न दिया है।

- एक्सपेंस रेश्यो : 0.45%
- रेटिंग : 4 स्टार
- 5 साल का लम्प सम रिटर्न : 20.44% सालाना
- 5 साल का एसआईपी रिटर्न : 18.27% सालाना
- कुल एसेट्स : 16,617 करोड़ रुपये (30 जून, 2025)
- मिनिमम लम्स सम : 5,000 रुपये
- मिनिमम एसआईपी : 100 रुपये

### जेएम फ्लेक्सी कैप फंड

जेएम फ्लेक्सी कैप फंड का एक्सपेंस रेश्यो 0.49 फीसदी है और इसे वैल्यू रिसर्च पर 4 स्टार की मजबूत रेटिंग मिली है। फंड ने 5 साल में लम्स सम पर 27.12 फीसदी सालाना और 5 साल की एसआईपी में 24.78 फीसदी सालाना रिटर्न दिया है।

- एक्सपेंस रेश्यो : 0.49%
- रेटिंग : 4 स्टार
- 5 साल का लम्प सम रिटर्न : 27.12% सालाना
- 5 साल का एसआईपी रिटर्न : 24.78% सालाना
- कुल एसेट्स : 6,144 करोड़ रुपये (30 जून, 2025)
- मिनिमम लम्स सम : 1,000 रुपये
- मिनिमम एसआईपी : 100 रुपये

### एलआईसी म्यूचुअल फंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड

एलआईसी म्यूचुअल फंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड का एक्सपेंस रेश्यो 0.50 फीसदी है और इसे वैल्यू रिसर्च पर 4 स्टार की मजबूत रेटिंग मिली है. फंड ने 5 साल में लम्स सम पर 33.78 फीसदी सालाना और 5 साल की एसआईपी में 32.20 फीसदी सालाना रिटर्न दिया है।

- एक्सपेंस रेश्यो : 0.50%
- रेटिंग : 4 स्टार
- 5 साल का लम्प सम रिटर्न : 33.78% सालाना
- 5 साल का एसआईपी रिटर्न : 32.20% सालाना
- कुल एसेट्स : 1,053 करोड़ रुपये (30 जून, 2025)
- मिनिमम लम्स सम : 5,000 रुपये
- मिनिमम एसआईपी : 200 रुपये

**किसी भी तरह के भूराजनीतिक तनाव के बीच सोना डिमांड में रहेगा**

# 6 साल में 200% उछला सोना, अगले 5 वर्ष में सवा 2 लाख रु. का हो सकता है 10 ग्राम!

सर्राफा | बिजनेस डेस्क

*"अगले पांच साल में सोने की कीमतें सवा दो लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक जा सकती हैं। गोल्ड बाजार के जानकारों का कहना कि सोना से सबसे लोकप्रिय और सुरक्षित निवेश के तौर पर जाना जाता है। चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों सोने ने हमेशा से ही अच्छा और सुरक्षित रिटर्न दिया है। इस तेजी में मुख्य रूप से कोविड-19 महामारी, बेहद ज्यादा ढीली मौद्रिक नीतियों, भू-राजनीतिक तनाव और वित्तीय बाजार में अनिश्चितता का हाथ रहा। 2025 में सोने ने एमसीएक्स पर अपना रिकॉर्ड हाई 1,01,078 रुपये प्रति 10 ग्राम देखा।*

**1 सेफ एसेट के तौर पर जाना जाता है सोना, हर कोई करता है निवेश**

एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में सोने की कीमत पिछले 6 साल में 200 प्रतिशत तक बढ़ी हैं। मई 2019 में सोना 30,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था, लेकिन जून 2025 तक कीमत बढ़कर करीब 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से अधिक हो गई। इस साल की बात करें तो सोने की कीमतों ने 2025 में निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का भाव 30 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा है। पिछले 6 साल पर नजर डालें तो एमसीएक्स पर सोने का भाव मई 2019 में लगभग 32,000 प्रति 10 ग्राम था। यह अब बढ़कर लगभग 97,800 प्रति 10 ग्राम हो गया है, यानि कि 200 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि।

अगले पांच साल में सोने की कीमतें सवा दो लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक जा सकती हैं। गोल्ड बाजार के जानकारों का कहना कि सोना से सबसे लोकप्रिय और सुरक्षित निवेश के तौर पर जाना जाता है। चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों सोने ने हमेशा से ही अच्छा और



सुरक्षित रिटर्न दिया है। इस तेजी में मुख्य रूप से कोविड-19 महामारी, बेहद ज्यादा ढीली मौद्रिक नीतियों, भू-राजनीतिक तनाव और वित्तीय बाजार में अनिश्चितता का हाथ रहा। 2025 में सोने ने एमसीएक्स पर अपना रिकॉर्ड हाई 1,01,078 रुपये प्रति 10 ग्राम देखा। लॉन्ग टर्म में संरचनात्मक रूप से ऊंची कीमतों के लिए माहौल अभी भी सपोर्टिव बना हुआ है। पोर्टफोलियो डायवर्सिफिकेशन में सोने का अहम रोल बरकरार है और आगे भी रहेगा। सोने के भविष्य की बात करें तो किसी भी तरह के भूराजनीतिक तनाव के बीच सेफ एसेट के तौर पर सोना डिमांड में रहेगा। साथ ही इसकी मांग के नए रास्ते भी खुल रहे हैं। जैसे कि कहा जा रहा है कि चीन बीमा क्षेत्र में कथित तौर पर अपने एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) का 1% सोने में लगा रहा है।

### 5 साल में कहां होगी कीमत

एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक एक्सपर्ट का कहना है कि अगले 5 साल के दौरान सोने की कीमतों में शानदार तेजी जारी रह सकती है। भू-राजनीतिक तनाव और ट्रेड वॉर के चलते सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की मांग बनी रहने की उम्मीद है। पिछले 5 वर्षों में भारतीय बाजार में सोने का भाव 18% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ा। अगर यही रफ्तार जारी रही तो आगे के 5 सालों के दौरान सोने की कीमतें 2,25,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकती हैं।

### कंसोलिडेशन का अनुमान

वहीं दूसरी ओर एक एजेंसी की गोल्ड स्ट्रैटेजी रिपोर्ट में कहा है कि सोने की कीमतें अब कंसोलिडेशन फेज यानि ठहराव के दौर में जा सकती हैं। आगे तेजी के लिए किसी बड़े और नए ट्रिगर की जरूरत होगी। अब ज्यादा स्पष्टता का इंतजार करना चाहिए या किसी निर्णायक ट्रिगर का, जो गोल्ड की कीमतों को फिर से पुश करे। इस बीच गोल्ड में कंसोलिडेशन यानी ठहराव का दौर रहेगा। रिपोर्ट में तेजी थमने के पीछे कई अहम कारण बताए गए हैं। जैसे कि इजराइल-ईरान और रूस-यूक्रेन के बीच भूराजनीतिक संघर्ष का असर हल्का पड़ना, टैरिफ वॉर में कमी, ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें टलना, केंद्रीय बैंकों की ओर से धीमी खरीदारी और गोल्ड की कीमतें काफी समय से ऊंचे स्तर पर होना।



## स्टॉक मार्केट ऊंचाई पर हो तो बंद नहीं करें एसआईपी, संयम बरतें

बिजनेस डेस्क

जब शेयर बाजार नई ऊंचाइयों पर पहुंचता है, तो कई निवेशकों के मन में सवाल आता है कि क्या अब सिस्टमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) रोक देना चाहिए? उन्हें लगता है कि ऊंचे स्तर पर निवेश करने से रिटर्न कम मिल सकता है या घाटा हो सकता है। हालांकि, इन्वेस्टमेंट एक्सपर्ट की राय इसके ठीक उलट है। उनका कहना है कि ऐसा सोचना निवेश की मूल रणनीति के खिलाफ है और इससे लंबे समय में नुकसान हो सकता है। इसलिए जब बाजार ऊंचाइयों पर हो तो निवेशकों को संयम बरतना चाहिए। इससे वे लान्ग टर्म में अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं और अपने पैसे को बढ़ा सकते हैं। ऐसे समय में निवेशकों को थोड़ा स्मार्ट और चूजी बन जाना चाहिए ताकि, आने वाले समय में परेशानी न हो। इसलिए निवेश बंद न करें और इंतजार करें। बाजार में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं।

### एसआईपीऔर डिप-बायिंग को साथ चलाना समझदारी

जानकारों का कहना है कि एसआईपी को रोकने की बजाय उसे जारी रखना चाहिए और अगर आपके पास अतिरिक्त रकम है, तो बाजार में गिरावट के दौरान उसमें लंबी अवधि के नजरिए से निवेश करना बेहतर रहता है। उनके मुताबिक, मासिक बचत एसआईपी के जरिए होनी चाहिए और अगर बाजार गिरता है, तो उसमें अतिरिक्त निवेश किया जा सकता है। इससे लॉन्ग टर्म में फायदा मिलता है। हालांकि, बाजार कब गिरेगा, इसका अंदाजा लगाना आसान नहीं है। डिप्स को पहचानना मुश्किल होता है, इसलिए निवेशकों के लिए बेहतर रणनीति यह हो सकती है कि वो लंप सम राशि को एसआईपी और डिप-बायिंग दोनों के लिए अलग-अलग हिस्सों में निवेश करें।

### 2025 में अब तक 1.12 करोड़ एसआईपी बंद

एएमएफआई (एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया) के आंकड़ों के मुताबिक, 2025 की शुरुआत से लेकर अब तक करीब 1.12 करोड़ एसआईपी अकाउंट बंद हो चुके हैं। इसका मतलब है कि बहुत से निवेशकों ने बाजार की ऊंचाई देखकर अपनी एसआईपी रोक दी है और बाजार गिरने पर दोबारा शुरू करने की सोच रहे हैं। एसआईपी को रोकना गलत कदम है। उनके मुताबिक, जब बाजार ऊंचा होता है, तो एसआईपी रोकना सही लग सकता है। लेकिन ये कदम फाइनेंशियल गोल्स को नुकसान पहुंचा सकता है। एसआईपी का फायदा यही है कि ये आपको समय पर और बिना भावनाओं के निवेश करने में मदद करता है। भारतीय बाजार ने पिछले 10 सालों में कई बार नई ऊंचाइयां देखी हैं और हर बार वह और ऊपर गया है। अगर लोग हर बार एसआईपी रोकते, तो वे बड़े फायदे से चूक जाते।

### उलटी सोच हो सकती है एसआईपी रोकना

एसआईपी को रोकने के फैसले को 'काउंटरइंट्यूटिव' यानी आम समझ के खिलाफ मानते हैं। उनका कहना है कि इतिहास यही बताता है कि जो निवेशक लगातार निवेश करते हैं, वो ज्यादा फायदा कमाते हैं। बार-बार एग्जिट और एंट्री करने से फायदा नहीं होता। वो कहती हैं, एसआईपी का मकसद ये है कि आपकी हर महीने की बचत बाजार में लगती रहे। अगर इसे नियमित और अनुशासित तरीके से किया जाए तो कंपाउंडिंग का फायदा मिलता है। लेकिन कई बार लोग बाजार के मूवमेंट को देखकर एसआईपी बदलने लगते हैं, जो सही नहीं है।

# इंस्टाग्राम रील वाली फाइनेंशियल प्लानिंग के साइड इफेक्ट गहरे

सतर्कता | बिजनेस डेस्क

हमेशा पैटर्न यानी ढर्रे पर काम करना बेहद अच्छा होता है चाहे वह वह जिंदगी से जुड़ा हो, काम हो या पैसे से जुड़ा मामला। शायद इसी वजह से कुछ खास नियम हमेशा याद रखने चाहिए। वैसे हम सभी के साथ ऐसा होता है। पहला पैसा से जुड़ा नियम जो तुरंत समझ आया, वह नियम है 72 का नियम। यह बहुत ही सीधा और सरल होता है। आप 72 को उस ब्याज दर से भाग देते हैं जो आपको निवेश पर मिल रही है, और जो संख्या आएगी, वह बताएगी कि आपके पैसे को दोगुना होने में कितने साल लगेंगे। उदाहरण के लिए, अगर आपका निवेश 15 प्रतिशत रिटर्न दे रहा है, तो आपका पैसा लगभग 5 साल में दोगुना हो जाएगा। सीधा है ना? यही कारण है कि यह नियम हमेशा ज़ेहन में रहता है। लेकिन आपको पता है, पिछले 3 से 4 सालों में बहुत सारे ऐसे नियम ऐसे आएं है जो चौकाने वाले हैं। जैसे रील्स, इन्फोग्राफिक्स, न्यूज़लेटर में लेकिन उनमें से एक भी मेरे दिमाग में टिक नहीं पाया जैसे रूल ऑफ 72 था। सच कहें तो बहुत सारे नंबर और फॉर्मूले सामने आ गए हैं।

## इंस्टाग्राम पर दिखने वाले फाइनेंशियल रूल्स सुनने में आसान और रोचक जरूर हैं

### इंस्टाग्राम फाइनेंस

जानकारों का कहना है कि शायद यही कारण था कि 2016 के आसपास जब इंस्टाग्राम फाइनेंस की शुरुआत हुई, तो वह बहुत तरोताजा और नया लगा। तब लोग ऐसे मनी टिप्स शेयर कर रहे थे जो सरल और अपनाने लायक लगते थे। मुझे आज भी याद है मैंने सोचा था 'ये नियम तो वाकई समझ में आते हैं।' इंटरनेट सस्ता और तेज हो गया था। क्रिएटर्स की रचनात्मकता के कारण फाइनेंस अब आम लोगों तक पहुंचने लगा था। 2019 से 2021 के बीच कुछ फाइनेंस क्रिएटर्स के साथ काम किया और उनके लिए ऐसे स्क्रिप्ट्स भी लिखे जो पर्सनल फाइनेंस को आसान और समझने लायक बनाते थे। कुछ पोस्ट वायरल भी हुए। कुछ टिप्स काफी स्मार्ट लगे। लेकिन फिर धीरे-धीरे मुझे एक बात खटकने लगी। ये सब दिखने में तो बहुत प्रैक्टिकल थे, लेकिन असल जिंदगी में ये ज़्यादातर काम नहीं करते थे।

### नियम चले सोशल मीडिया पर, ज़िंदगी में नहीं

सोशल मीडिया पर फाइनेंस की बातें एक संरचना देती हैं। लोगों को लगता है कि एक निश्चित तरीका है, जिससे सब ठीक हो जाएगा। पैसे को लेकर लोग अस्थिरता और चिंता रखते हैं। तो जब कोई कहता है इस एक नियम को फॉलो करो और कंट्रोल आप के हाथ में हो जाएगा, तो यह तुरंत राहत देता है। यह मानसिक रूप से उस स्थिति से जुड़ता है, जिसे साइकोलॉजी में कॉग्निटिव क्लोजर कहते हैं। यह उस मनोवैज्ञानिक झुकाव को दर्शाता है, जिसमें हमारा दिमाग स्पष्ट उत्तर से बेहतर महसूस करता है, भले ही वह उत्तर बहुत सरलीकृत ही क्यों न हो। एक और विचार है नियंत्रण का भ्रम सिर्फ इक नियम फॉलो करने से जैसे किसी विशेष प्रतिशत बचाना या केवल एक तय खर्च श्रेणी के भीतर रहना, लोग सोचते हैं कि वे जीवन पर नियंत्रण कर रहे हैं। यह एहसास, चाहे अस्थायी ही सही, सील अनुभूति देता है। लगता है आप सही दिशा की ओर बढ़ रहे हैं।

### बुनियादी सच भूल रहे नियम

आपके खर्च हर महीने साफसुथरे प्रतिशत की तरह व्यवस्थित नहीं होते। आपकी आमदनी एक समय स्थिर हो सकती है और फिर बदल सकती है। परिवार की जिम्मेदारी आ सकती है। किराया बढ़ सकता है। कोई स्वास्थ्य समस्या रुकावट ला सकती है। या कभी-कभी आपको बस ब्रेक की जरूरत हो सकती है। 500 प्रतिदिन बचाएं या 503020 वाला बजट विभाजन जैसे नियम इन बदलावों के लिए जगह नहीं छोड़ते। ये ऐसे बनाए गए हैं मानो जीवन एक सीधी रेखा हो। एक और विचार है जिसे अक्सर सोचा जाता है। मोरल लाइसेंसिंग कभी व्यक्ति एसआईपी ऑटोमेट करने का नियम फॉलो करता है या कुछ हफ्तों तक बजट में रहता है, और फिर वही अच्छा महसूस करना उसे कहीं और ढील देने का बहाना दे देता है। यह मैं अच्छा कर रहा था, अब थोड़ा आराम का चक्र बनाता है। नियम समय-समय पर फिर से शुरू करने वाला जैसे ट्रेडमिल बन जाता है। ऐंनकरिंग नामक एक असर होता है जहां कोई संख्या जैसे 30% या 500 एक मानक बन जाती है। यदि आप उस मानक पर नहीं ठहर पाते, तो ऐसा लगता है जैसे आप असफल हो गए हैं। भले आपके फैसले पूरी तरह से उपयुक्त हों, फिर भी आपको लगता है कि आप कुछ गलत कर रहे हैं। यह लगातार तनाव जोड़ता है और व्यक्ति वैध निर्णयों पर ही शक करने लगता है।

### क्या मदद कर सकता है

मेरे विचार में ज़्यादातर लोगों को एक और नया नियम नहीं चाहिए। इससे ज़्यादा मदद करती है कुछ आसान सवाल पूछना, जो आपकी ज़िंदगी की असल हालत को ध्यान में रखते हैं। मुझे हर महीने कितना चाहिए ताकि मैं स्थिर महसूस कर सकूं? इसमें किराया, बिल, राशन आदि शामिल हैं। जो बैंक बैलेंस देखते समय चुप्पी में आने वाले घबराहट को रोकते हैं। यह संख्या जानने से आपकी चिंता थोड़ी कम होगी, पूरी समस्या हल नहीं होती लेकिन राहत जरूर मिलती है। मैं अभी किस समस्या का हल ढूंढ़ रहा हूं। कुछ महीने आप बचत करना चाहते हैं, कुछ महीने घर की देखभाल करनी पड़ सकती है, कुछ महीने सिर्फ शांति की ज़रूरत होती है। आपकी पैसे की आदतें आपके जीवन के पड़ावों के अनुसार बदल सकती हैं और इसमें कोई गलत नहीं है। मैं क्या ऑटोमेट कर सकता हूं, बिना घबराए? चाहे 2,000 की एसआईपी हो या खर्च देखने के लिए हफ्ते में एक रिमाइंडर एक ऐसी चीज चुनें जो एक लय बनाने में मदद करे। जरूरी नहीं कि सब कुछ 500/दिन जैसा सख्त हो यह कोई जिम की मेंबरशिप नहीं है जिसे आप अगले हफ्ते भूल जाएं। सच्चाई यह है कि छोटे और लगातार प्रयास बेहतर काम करते हैं, बजाय पूर्णता और तनाव के। पैसा हो या जीवन, अभी कहानी बाकी है (जैसा एसआरके ने कहा था 'ओम शांतिओम' में) और आप ही तय करेंगे कि अगला दृश्य कैसा होगा।

## खबर संक्षेप

### सिंधी युवक समिति ने श्री राम कथा का रसपान कर लिया आशीर्वाद



**बिलासपुर।** सिंधी युवक समिति ने सिंधु भवन तोरवा में आयोजित श्री राम कथा स्वामी परमानंद गिरी महाराज के सानिध्य में कथा का रसपान किया। समिति के संयोजक एवं संरक्षक अमर बजाज के अनुसार श्री राम कथा यह एक पवित्र और रसमयी कथा है जिसमें भगवान श्री राम के जीवन और उनके आदर्शों का वर्णन सुनने को मिला। श्री राम कथा से लोग भगवान राम के गुणों और उनके जीवन के आदर्शों को समझकर अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा ली। श्री राम कथा में भाव विभोर होने के पश्चात समिति परिवार ने श्री राम की महाआरती की और स्वामी महाराज ने समिति के सदस्यों को सनातनी संतरा गमछा पहनाकर नारियल देकर आर्शीवाद दिया। इस मौके पर सिंधी युवक समिति के अध्यक्ष मनीष लाहौरानी, संयोजक एवं संरक्षक अमर बजाज, संरक्षक कैलाश मलघानी, सलाहकार मोहन मदवानी, सुनील आहूजा, उपाध्यक्ष हीरानंद छुगानी, नीरज गेमनानी, सिंधु विद्या मंदिर के अध्यक्ष कैलाश श्यामनानी, लक्ष्मण रामानी, राजकुमार सुखवानी, गोविंद बत्रा, किशन जेठानी, रवि बजाज, विजय दुसेजा आदि उपस्थित थे।

### लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल ने मंदिर प्रांगण में किया पौधरोपण



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल के सदस्यों ने बगदई मंदिर प्रांगण में पौधरोपण कर इसकी सुरक्षा का संकल्प लिया। यह पौधरोपण लायंस क्लब इंटरनेशनल 3233-C एवं लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के निदेशक दीप्ति साहू, क्लब के अध्यक्ष रीता राजगीर, सचिव डॉ सुरभि राजगीर, ज्योति नामदेव, लक्ष्मी पोर्ते, लता साहू, सुनीता साहू, नीलम साहू, लता साहू आदि का सहयोग रहा। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए बगदई मंदिर प्रांगण में विशेष रूप से क्लब के सदस्यों ने पौधरोपण कर लोगों से इसकी सुरक्षा का संकल्प लिया। इसमें हिबिस्कस, अमरूद, क्रोटन सहित विभिन्न प्रकार के फलदार और सजावटी पौधे शामिल हैं।

### विश्व हिंदू परिषद की प्रांतीय बैठक आयोजित की गई



**बिलासपुर।** झूलेलाल मंगलम में विश्व हिंदू परिषद की प्रांतीय बैठक आयोजित की गई। इसमें छत्तीसगढ़ प्रांत के समस्त जिलों के विश्व हिंदू परिषद के अधिकारियों शामिल हुए। इसके उद्घाटन सत्र के दौरान लगभग 16 जिले के प्रतिनिधि शामिल हुए। उद्घाटन सत्र में क्षेत्रीय संगठन मंत्री जितेंद्र पवार प्रांत मंत्री विभूतिभूषण पांडे प्रांत सह मंत्री, नंदू साहू एवं प्रांत उपाध्यक्ष सरल मोदी मौजूद थे। उद्घाटन सत्र में नंदू साहू आगंतुकों का स्वागत किया। यह बैठक तीन दिनों की है जिसका समापन 3 अगस्त को होगा। आज की बैठक में बिलासपुर से विभाग मंत्री राजीव शर्मा, जिला अध्यक्ष सोमित्र गुप्ता, विभाग संयोजक अंकुश ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष विकास शर्मा, जिला सह मंत्री विक्रांत केसरवानी, जिला संयोजक रुपेश शुक्ला आदि मौजूद थे।

### तोरवा क्षेत्र में जोन अध्यक्ष कार्यालय का शुभारंभ किया गया



**बिलासपुर।** जोन क्रमांक 6 तोरवा क्षेत्र में जोन अध्यक्ष कार्यालय का शुभारंभ किया गया। यह कार्यालय जनता और प्रशासन के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में कार्य करेगा। कार्यालय उद्घाटन अवसर पर जोन अध्यक्ष श्रीनू राव से विभिन्न गणमान्य नागरिकों ने मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 45 हेमू नगर के पार्षद वल्लभ राव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यालय शुभारंभ समारोह में भाजपा जिला आईटी सेल के सदस्य वेंकट राव, भाजपा मंडल कार्यकारिणी सदस्य विवेक डे, युवा मोर्चा मंडल मंत्री रूपेश यादव, मंडल कार्यकारिणी सदस्य एवं सह-संयोजक राजा कर, अरुण चक्रवर्ती और विवेक राव भी मौजूद रहे। नागरिकों ने भी कार्यालय की स्थापना पर प्रसन्नता जताई और आशा जताई कि अब उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना जाएगा और शीघ्र निराकरण होगा।

### दहलीज़ वेलफेयर फाउंडेशन के समर इंटर्नशिप प्रोग्राम का समापन

**बिलासपुर।** दहलीज़ वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित समर इंटर्नशिप प्रोग्राम का समापन समारोह सेन्ट्रल लाइब्रेरी स्थित इंक्यूबेशन सेंटर में हो गया। फाउंडेशन द्वारा एक महीने का प्रोग्राम सरकारी स्कूलों के लिए आयोजित किया गया था। बच्चों को पढ़ाने के लिए एक्टिविटी जैसे साइंस, मैथ्स, गेम्स , स्टोरीटेलिंग, जागरूकता कार्यक्रमों आदि जैसे क्षेत्रों पर ध्यान दिया गया । आज समापन पर मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता ध्रुव, तारबहार मिडिल स्कूल की प्राचार्या चित्रलेखा तिवारी, तारबहार प्राइमरी स्कूल की प्राचार्या पूजा तिवारी, बेहतराई मिडिल स्कूल की प्राचार्या अनीता लक्ष्मे, इंक्यूबेशन सेंटर के प्रभारी डॉ. धनंजय पांडेय एवं श्रीनिवास सर उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्पर्श तिवारी, तिलकराज देवांगन, पूजा कौशिक, शशांक देवांगन, जतिन सिंह सहित आदि मौजूद थे। इस दौरान बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया गया। खेलकूद के साथ मानसिक विकास का होना जरूरी बताया।

**हर्थल सेल कार्सिनोमा नामक कैंसर का किया गया ऑपरेशन** डाक्टरों की टीम ने 5 घंटे के ऑपरेशन के बाद निकाला गले का कैंसर

# सिम्स ने दुर्लभ कैंसर का किया सफल इलाज, महिला को मिला जीवनदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स के डाक्टरों ने थाइराइड ग्रंथि में हुए कैंसर को निकालने में बड़ी सफलता पाई है। कैंसर के इलाज से 25 वर्षीय बैगा जनजाति की महिला को नया जीवन दान मिला है। बताया जा रहा है कि महिला को हर्थल सेल कार्सिनोमा नामक दुलर्भ कैंसर था, जिसे ईएनटी विभाग के डाक्टरों की मदद से निकाला गया है।



छत्तीसगढ़ के सुदूर आदिवासी क्षेत्र से आई बैगा जनजाति की 25 वर्षीय महिला के गले में सूजन थी, समय के साथ सूजन बढ़ रही थी। महिला ने छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ के डाक्टरों से संपर्क किया। साल भर के दर्द व सूजन के कारण महिला के कान के निचले हिस्से से कंधे तक फैल गई थी, साथ ही रुक-रुक कर खून भी आने लगा था। सिम्स के डाक्टरों ने सभी जांच के साथ ही गले का एमआरआई और सीटी स्केन कराया। कैंसर के लिए फाइन नीडल एस्पिरेशन साइटोलॉजी यानी एफएनएसी की गई, इस दौरान डाक्टरों ने पाया कि महिला को हर्थल सेल कार्सिनोमा जैसी दुर्लभ कैंसर है। शुरूआत में थायरॉयड ग्रंथि में यह कैंसर महिला को हो चुका था लेकिन डाक्टरों ने अन्य आशंकाओं की पुष्टि के लिए छाती ,पेट तथा मस्तिष्क का सीटी स्कैन भी कराया गया।

एफएनएसी रिपोर्ट के आधार पर तत्काल सर्जरी की योजना बनाई गई। ऑपरेशन ईएनटी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. आरती पांडे के मार्गदर्शन में किया गया। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. वीबी साहू, डॉ. श्वेता मित्तल डॉ. ज्योति वर्मा ने नेतृत्व किया। एनेस्थीसिया विभाग की टीम का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ. मधुमिता मूर्ति ने किया और एनेस्थीसिया की जिम्मेदारी डॉ. श्वेता कुजूर ने निभाई।

### डीन ने की टीम की सराहना

जटिल सर्जरी की सफलता में ओटी नर्सिंग स्टाफ दीपा रितु और देव जी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा,ऑपरेशन के दौरान हर चरण में टीम का पूरा साथ मिला। डीन ने टीम की लगन और सेवा भाव की सराहना की है। रोगी अब बेहतर स्थिति में है और उनमें तेजी से रिकवरी हो रही है।

### विशेष जनजाति के कारण निशुल्क किया इलाज

सिम्स के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति व चिकित्सा अधीक्षक डॉ लखन सिंह को आपरेशन की जानकारी दी गई, उन्हें बताया गया कि महिला बैगा जनजाति की है। डीन ने विशेष जनजाति की महिला के इलाज में किसी तरह के शुल्क नहीं लेने का निर्देश दिया और पूरा आपरेशन निशुल्क किया गया है। 5 घंटे तक चले जटिल ऑपरेशन के दौरान पता चला कि ट्यूमर थायरॉयड नहीं, बल्कि पैरोटिड ग्रंथि (लार ग्रंथि) में है,टीम ने मिलकर पैरोटिड ग्रन्थि को हटाया और नेक डिसेक्शन कर जटिल सर्जर को बेहतर तरीके से अंजाम दिया।

4सी एयरपोर्ट के महाधरना में शामिल हुए विधायक अमर अग्रवाल

# जनता जब लड़ती है तभी मिलता है हक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 6 साल से जारी धरने को सराहा

बिलासपुर को अपना हक लेने के लिए लंबी लड़ाई लड़नी पड़ती है, यहां की जनता अपना हक लेकर रहती है, यह बात पूर्व मंत्री और विधायक अमर अग्रवाल ने कही। उन्होंने हवाई सुविधा विस्तार और 4सी एयरपोर्ट की मांग को लेकर 6 साल से जारी महाधरना आंदोलन को समर्थन दिया। श्री अग्रवाल ने कहा कि यहां का विकास आम जनता की ताकत से होता रहा है और जनप्रतिनिधियों ने सहयोगी की भूमिका निभाई है। रेलवे जोन के आंदोलन की याद करते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी जन संघर्ष बेकार नहीं जाता और 6 साल से अधिक समय से चल रहे आंदोलन को भी सफलता मिलेगी।




सभा को संबोधित करते नगर विधायक अमर अग्रवाल।

हवाई सेवा संघर्ष समिति के धरने में नागरिक और सामाजिक संगठनों के लोगों ने अपनी भागीदारी दिखाई। कान्यकुंब्ज ब्राम्हण समाज,निषाद समाज, यादव समाज,मसीही समाज,मुस्लिम जमात के अलावा विभिन्न व्यापारिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि और महिलाओं ने शिरकत की। समिति ने बताया कि रनवे की लंबाई कम होने के कारण बोइंग और एयरबस जैसे विमान बिलासा एयरपोर्ट में नहीं उतर सकते। सेना कर द्वारा 71करोड़ रुपए की मांग की जा रही है जबकि राज्य सरकार कम पैसा देना चाहती हैं। यह मामला मुख्यमंत्री और रक्षा मंत्री की बैठक में सुलझ सकता है।4सी एयरपोर्ट के लिए आवश्यक 400 करोड़ की घोषणा और मंजूरी की आवश्यकता है। धरने में शत्रुघ्न,प्रभात मिश्रा,सुजीत कुमार यादव अजय नगर,गोपी राव, मजहर खान,राकेश तिवारी,अमर बजाज ने वक्ता के तौर पर अपनी बात रखी, और 4सी एयरपोर्ट को अत्यंत आवश्यक बताया।

विधायक अमर अग्रवाल ने समिति के प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री विष्णु देव सांय से मिलाने की सहमति जताई और कहा कि वह दिन दूर नहीं जब वे स्वयं बिलासपुर से महानगरों तक सीधी उड़ान बिलासा एयरपोर्ट से ही करेंगें। धरने में पूर्व महापौर रामशरण यादव, मनीष अग्रवाल शैलेंद्र यादव, शिवा मिश्रा, जसवीर चावला, सीमा पांडे,विल्सन लाल आलोक संजय नाथ,कुणाल ऐश्वर्य, श्रीमती स्मिता बक्श,निर्मल कुमार सिंह, पास्टर पीटर राज सिंह, साधु साहब, रणजीत सिंह खनूजा, विजय वर्मा, मनु त्रिपाठी,राघवेंद्र सिंह ठाकुर, केशव गोरख, दीपक कश्यप,प्रकाश जायसवाल, प्रतीक तिवारी, पवन पांडे ,जुलू सोनी, केशव बाजपेई,और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

## आर्किटेक्ट, इंजीनियर को लेकर भ्रम दूर करे निगम : एसोसिएशन

**बिलासपुर।** शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ की जा रही कार्रवाई का समर्थन करते हुए कंसल्टिंग सिविल इंजीनियर्स एसोसिएशन ने नगर निगम आयुक्त से मिलकर इंजीनियर और आर्किटेक्ट के विषय को लेकर भ्रम दूर करने का अनुरोध किया है।

ज्ञात हो कि नगर निगम में पिछले दिनों बड़ा घोटाला उजागर हुआ है, जिसमें आर्किटेक्ट बताकर एक इंजीनियर विकास सिंह द्वारा सैकड़ों नक्शे पास कराए गए थे। इसके बाद विकास सिंह का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। इस कार्रवाई के बाद से भ्रम की स्थिति है कि क्या आर्किटेक्ट और इंजीनियर की क्षमता में अंतर है। एसोसिएशन का कहना है की आर्किटेक्ट एवं अभियंता दोनों को लगभग एक समान सक्षमता प्रदान की जाती है। लेकिन यह भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है कि अभियंता भवन निर्माण हेतु आवेदन के पात्र नहीं हैं जबकि दोनों ही इसके लिए पात्र हैं। अब बात आती है भवन निर्माण के दौरान होने वाले पर्यवेक्षण की। नियमितः पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त अभियंता, आर्किटेक्ट,पर्यवेक्षक ही स्थल पर स्वीकृति अनुसार निर्माण हेतु जिम्मेदार होते हैं। इस हेतु जिस भी अभियंता आर्किटेक्ट या पर्यवेक्षक ने शपथ पत्र दिया है वही जिम्मेदार होता है। वर्तमान में नगर निगम में इंजीनियर आर्किटेक्ट और पर्यवेक्षक के रूप में कई व्यक्तियों का पंजीयन है। यदि यह भ्रम दूर नहीं किया गया तो सभी के व्यवसाय पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। लिहाजा इस भ्रांति को दूर करना जरूरी है। सदस्यों में दीपक अग्रवाल, दीपक उपाध्याय, आलोक त्रिवेदी, वी एस शास्त्री, प्रवीण नायडु,सुजीत गुप्ता, शुभम शर्मा, हेतराम श्रीवास योगेश सेन, गिरीश पाठक एवं अन्य मौजूद थे।

### संबंधित निर्माण की अनुमति निरस्त हो

शहर के आर्किटेक्ट व इंजीनियर्स ने इस ओर भी शासन का ध्यान दिलाया है कि भूमि विकास अधिनियम के तहत किसी पंजीकृत वास्तुविद, इंजीनियर, संरचना इंजीनियर, निर्माण इंजीनियर के अनुज्ञा निलंबन के बाद जब तक नई नियुक्ति नहीं हो जाती विकास अनुज्ञा जो अधिनियम की संबंधित धारा के अंतर्गत जारी की गई है स्वयंमेव निलम्बित हो जाएगी। इस अवधि में स्थल पर बिना अनुज्ञा के कोई भी निर्माण अवैध माना जाएगा। ऐसे में इस मामले में भी उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।

### दपूमरे मंडल के 34 रेल कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल कें विभिन्न विभागों में कार्यरत 34 रेल कर्मचारी सदस्य सेवानिवृत्त हुए। इसमें परिचालन विभाग से 8, इंजीनियर विभाग से 15, विद्युत विभाग से 6, यांत्रिक विभाग से 2, सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग से एक, कार्मिक विभाग से एक, चिकित्सा विभाग से एक कर्मचारी शामिल हैं। इस दौरान मंडल कार्मिक सभागार में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जहां सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई। समारोह में कार्मिक अधिकारी रूहिना तुफैल खान ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बंदोबस्त भुगतान से संबंधित समस्त दस्तावेज, सेवा प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं सेवा मैडल प्रदान किया।

### रायपुर-जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस सेवा का शुभारंभ आज

**बिलासपुर।** 3 अगस्त को रायपुर स्टेशन से रायपुर–जबलपुर एक्सप्रेस सेवा का शुभारंभ किया जा रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे । उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे । इस समारोह के दौरान रीवा-पुणे (हड़पसर) एक्सप्रेस एवं भावनगर टर्मिनस-अयोध्या एक्सप्रेस का भी रीवा एवं भावनगर से शुभारंभ किया जा रहा है। भावनगर स्टेशन एवं रीवा स्टेशन में गुजरात के सीएम भूपेन्द्र पटेल, केंद्रीय रेल, मंत्री अश्विनी वैष्णव, तथा सीएम मध्यप्रदेश डा. मोहन यादव ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे ।

## बिलासा महाविद्यालय में निबंध लेखन स्पर्धा

**बिलासपुर।** कथा सम्राट प्रेमचन्द की जयंती पर शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय में छात्राओं के लिए निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रेमचंद की प्रासंगिकता विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्रेमचन्द के जीवन और साहित्य पर प्रकाश डाला।

मुख्य वक्ता डॉ. डी. एस. ठाकुर रहे। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. एस.आर. कमलेश के निर्देशन, प्रभारी प्राचार्य प्रो. अंजू तिवारी की उपस्थिति और डॉ. हरिणी रानी आगर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसका संचालन डॉ. हेमन्त पाल घृतलहरे ने किया। आभार प्रदर्शन वंदना रानी खाखा ने किया। डॉ आगर ने कहा कि प्रेमचन्द का जीवन आसान नहीं था, बल्कि कठिन संघर्षों से भरा हुआ था। डॉ अंजू तिवारी ने कहा कि प्रेमचन्द ज्ञान के सागर हैं। डॉ घृतलहरे ने कहा कि प्रेमचन्द दूरदर्शी और कालजयी रचनाकार हैं वे अपने समय से बहुत आगे को देख और समझ सकने में सक्षम थे।

आज भी समाज में होने वाली घटनाएं उनकी रचनाओं में चित्रित जीवन से मेल खाती हैं। उनकी रचनाएं आज की समस्याओं से टकराती हैं और जवाब खोजती हैं। निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम संस्कृति राव, द्वितीय अंजली कश्यप, तृतीय निधि कश्यप रहीं। भाषण में प्रथम रिया खटीक, द्वितीय कंचन कश्यप, तृतीय आंचल सूर्यवंशी और चांदनी हाठीले रहीं। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार प्रदान किए गए।

## मो. रफी की याद में कलाकारों ने दी प्रस्तुति



**बिलासपुर।** सुर सम्राट मो रफी साहब की पुण्यतिथि पर रैनबो म्यूजिकल ग्रुप व इन्द्रधनुषीय संगीत संस्था द्वारा विवेकानंद उद्यान में संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के संगीत प्रेमियों ने शानदार प्रस्तुति दी। इसमें रेणुका पिंगले ने गायकों एवं आयजकों की सराहना की। कार्यक्रम के संचालक मदन खारपाटे ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन गत 30 वर्षों से प्राख्यात गायकों की याद में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 60 वर्ष से अधिक आयु के गायकों ने अपनी प्रस्तुति देकर समा बांधा। एंकर - राजकुमार समुन्द्रे, प्रमोद खारपाटे का संचालन सराहनीय रहा। वहीं गीतों व वाद्य यंत्रों में अग्नि भोज, राजेश मराठा, दीपक मिश्रा, संतोष बरगे, सुरेश यादव, फ्रांसिस, राजू खान, गायिका सीमा दुबे व रिया डोंगरे की प्रस्तुति ने संगीत प्रेमियों को मुग्ध कर दिया।

एजुकेशन प्लस

## रसिया मेडिकल विवि के डायरेक्टर और डीन आज देंगे मार्गदर्शन

**बिलासपुर।** छगत्तीसगढ़ विदेश से एमबीबीएस के लिए अग्रणी संस्थान मैक्जीम कंसलटैंसी प्राइवेट लिमिटेड 3 अगस्त को हाईटेक बस स्टेंड (तिफरा) के सामने हॉटल मोटेल बिलासपुर सिटी में करियर काउंसलिंग एवं स्पाट एडमिशन का आयोजन कर रही है। जिसमें छात्रों के बेहतर मार्गदर्शन के लिए इंटरनेशनल डिपार्टमेंट के डायरेक्टर वेरोनिका अलसेवसकिया एवं डीन ओल्गा तारासोवा, मैक्जीम के डायरेक्टर डॉ. सुधाकर तिवारी भी उपस्थित रहेंगे।



छात्र एवं अभिभावक कैरियर काउंसलिंग में आकर रसिया के गर्वमेंट मेडिकल यूनिवर्सिटी के कोर्स, सिलेबस, लैंग्वेज संबंधित सभी शंकाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. सुधाकर ने बताया कि छात्रों के लिए यह करियर काउंसलिंग सुनहरा अवसर है। जहां वे प्रत्यक्ष रूप से रसिया गर्वमेंन्ट मेडिकल यूनिवर्सिटी के बडे फेकल्टी से मुलाकात कर सकते है। मैक्जीम गत 35 वर्षों से भारतीय छात्र छात्राओं को अंतराष्ट्रीय मेडिकल यूनिवर्सिटी में प्रवेश दिलाने का कार्य कर रही है। संस्थान प्रवेश के लिए जरूरी दस्तावेज वीजा, एयर टिकट एवं सर्वसुविधायुक्त हॉस्टल, बैंक लोन उपलब्ध करवाती है। छात्रों की समस्या को त्वरित निदान के लिए संस्था का प्रतिनिधि भी संबंधित विश्वविद्यालय में कार्यरत है।

संस्था के माध्यम से 5600 डाक्टर्स सफलतापूर्वक अपना कोर्स कर देश के प्रतिष्ठित संस्थानों व हॉस्पिटलों में अपना सेवाएं दे रहे हैं। मैक्जीम केमेरोवो में स्वयं का हॉस्टल और मेस में भारतीय व्यंजन की सुविधा उपलब्ध है। केमेरोवो स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी के लिए सभी भारतीय बैंक से शिक्षा लोन की सुविधा उपलब्ध है।

## चौकसे कॉलेज के बीएससी व बीए की छात्रों ने रचा इतिहास

**बिलासपुर।** चौकसे कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स के बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा बीए द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्रों ने इस वर्ष की वार्षिक परीक्षा में नया कीर्तिमान स्थापित किया है।








कॉलेज के अधिकांश छात्रों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की है। बीएससी द्वितीय वर्ष (बायो ) में पायल हयात 72.83% के साथ प्रथम रही, वहीं नंदिनी चौहान 71.66% अंक के साथ द्वितीय एवं अंजलि सोनवानी 71.33% अंक लाकर तृतीय रही। बीएससी द्वितीय वर्ष (बायोटेक्नोलॉजी) में मीनल तिवारी ने 72.33% के साथ प्रथम रही। अर्चना सोनी 70.66% के साथ द्वितीय एवं रोशनी पात्रे 69.83% प्रतिशत लाकर तृतीय रही। बीएससी तृतीय वर्ष ( बायो) में खुशी मौर्य 71.06 % के साथ प्रथम रही, प्रीति मिंज 69.17% के साथ द्वितीय एवं लालिमा पटेल 68.22% के साथ तृतीय रही। बीएससी तृतीय वर्ष ( बायोटेक्नोलॉजी) में कुसुम साहू ने 77.67% प्रतिशत पाकर प्रथम रही। वही जोया खान 73.33% के साथ द्वितीय एवं चांदनी पात्रे 71.61% लाकर तृतीय रही। बीए द्वितीय वर्ष में आंचल कश्यप 77.66% के साथ प्रथम, इंदु कुर्रे 76.83% के साथ द्वितीय एवं सोनाली रात्रे 71.66% के साथ तृतीय रही। बीए तृतीय वर्ष में निशा यादव 71.16% के साथ प्रथम, चंचल पटेल 68.05% के साथ द्वितीय एवं अदिति चांदने 66.55% के साथ तृतीय रही। कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल, प्राचार्य डॉ .मंतोष कुमार सिन्हा एवं रजिस्ट्रार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## मॉडर्न अकादमिक पब्लिक स्कूल परसदा में शपथ ग्रहण



**बिलासपुर।** मॉडर्न एंड मॉरल अकादमिक पब्लिक स्कूल परसदा में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नेतृत्व, उत्तरदायित्व और अनुशासन की भावना को सशक्त रूप से अभिव्यक्त किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने अनुशासित एवं प्रभावशाली मार्च पास्ट प्रस्तुत किया।

नव-निर्वाचित छात्र परिषद के प्रमुख पदाधिकारी हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन, कल्चरल, स्पोर्ट्स एवं डिसिप्लिन इंचार्ज ने मंच की ओर आत्मविश्वास और गर्व के साथ कदम बढ़ाए। सभी छात्र नेताओं ने अपने दायित्वों को निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाने की शपथ ली। यह आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व की भावना और अनुशासन के प्रति सजगता विकसित करने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुआ। संस्था के संस्थापक एसपी सिंह ने कहा कि नेतृत्व कोई विशेषाधिकार नहीं, बल्कि एक उत्तरदायित्व है, जिसे चरित्र और कर्म से निभाया जाता है। इस अवसर पर डायरेक्टर प्रेम रंजन सिंह, डायरेक्टर बबली सिंह, सीईओ केके. मिश्रा सहित शिक्षकों ने छात्र नेताओं को बैज एवं सैश पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान अतिथियों ने नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को उनके दायित्व का निर्वहन करने कहा।

## खबर संक्षेप

### सेजेस पंधी में तिरंगा प्रदर्शनी ग्रामीणों को बांटे गए तिरंगे



**लगरा।** स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय पंधी में हर घर तिरंगा के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने तिरंगा की प्रदर्शनी लगाई। इस अवसर पर सेजेस पंधी के प्राचार्य संजय शर्मा ने कहा कि, तिरंगा को देखने या हाथ में रखने से गर्व व गौरव की अनुभूति होती है, तिरंगा से राष्ट्र प्रेम जागृत होता है। तिरंगा के संबंध में छात्रों से चर्चा करते हुए उन्होंने तिरंगा के तीनों रंग की विशिष्टता, चक्र के प्रतीक, तिरंगा को आत्मसात, तिरंगा के महत्व पर जानकारी साझा की। राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से छात्रों ने ग्रामीणों से भी संपर्क किया। आमजन में देशभक्ति की भावना विकसित करने एवं राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान जागृत करने हेतु उन्हें तिरंगा भेंट किया गया। इस अवसर पर सेजेस पंधी की हेमलता वर्मा, अर्चना देवांगन, शुभाश्री साहू, माधुरी कौशिक, प्रीति पांडेय, मधु मनहर, तीशु शुक्ला, मौली गुईन, माधवी यादव व बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

### फास्टरपुर से केशलीकला मार्ग जर्जर, लोग हो रहे चोटिल



**मुंगेली।** पीडब्ल्यूडी एनएच मार्ग फास्टरपुर से केशलीकला व्हाया राजपुर मौहार की सरहद तक सड़क अत्यंत जर्जर हो चुकी है। जनपद सदस्य जानकी बोगी बारमते ने बताया कि फास्टरपुर से केशलीकला होते हुए राजपुर मौहार मार्ग की हालत बहुत खराब है। जगह-जगह 2-2 फीट का गड्ढा बन चुका है जिससे राहगीरों को भारी समस्या हो रही है। रोड खराब होने के वजह से राहगीर दुर्घटना से पीड़ति हो रहे हैं। उक्त रोड से स्कूल. कॉलेज के बच्चों का आवागमन होता है जिससे बच्चे कीचड़ में गिर जाते हैं तथा उनकों चोंटें आ जाती हैं। उक्त रोड से पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। इस विषय में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपते हुए सड़क मरम्मत कराने की मांग की है।

### जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने कांग्रेस की बैठक में चर्चा



**तखतपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तखतपुर (ग्रामीण) द्वारा संगठन सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत महत्वपूर्ण बैठक नगर कांग्रेस कार्यालय में हुई। बैठक का उद्देश्य कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाना, मंडल व सेक्टरों में सक्रिय कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी तय करना तथा कांग्रेस की रीति-नीति एवं जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना रहा। बैठक में संगठन सृजन प्रभारी महेंद्र गंगोत्री, पूर्व विधायक रश्मि आशीष सिंह, प्रदेश सचिव आत्मजीत सिंह मक्कड, शिवबालक कौशिक, सुनील शुक्ला, ब्लॉक समन्वयक अभ्युदय जित्तु तिवारी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष बिहारी देवांगन, जिला पंचायत सदस्य शिवेंद्र कौशिक, प्रियांश डहरिया, सुरेश ठाकुर, बिसाहू कश्यप तथा अभय कौशिक, गोविंद साहू, उमाशंकर यादव, सियाराम जायसवाल, ओमप्रकाश जयसवाल अवधेश शुक्ला हेमंत कश्यप विजय दास मानिकपुरी उमाशंकर सिंगरोल शीतल सिंगरोल कमलेश सिंगरोल धर्मेंद्र रजक उमेंद सिंह मुकेश साहू रामकुमार भारती अरविंद कुमार योगेश शुक्ला रवि रात्रे लोकेश मरावि रामा सिंगरोल उमेंद्र कश्यप अजमेर खान संतोष डडसेना अजेंद्र सिंह गौतम सिंह मरावि राधेश्याम जोगीबंश बलराम जायसवाल प्रदीप पाली मनोज साहू शशिन समुअल दीपक लहरे अंकित मसीह रामफल कश्यप तुषार पाठक अशोक पाठक बलदाऊ प्रसाद शेष बिहारी कश्यप लक्ष्मी बिरको चेतन अमरनाथ, संतोष मानिकपुरी नट्टू अजमत हुसैन आशीष कौशिक भूपेंद्र मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में वक्ताओं ने बूथ स्तर तक संगठन की मजबूती, जनसम्पर्क अभियान की गति बढ़ाने, तथा युवा, महिला एवं किसान वर्ग को कांग्रेस से जोड़ने पर जोर दिया।

# तोखन, धरम व धर्मजीत उत्कृष्ट सदस्यता रत्न पुरस्कार से सम्मानित

## भाजपा सदस्यता अभियान के अंतर्गत जोड़े गए थे 10 हजार से अधिक सक्रिय सदस्य, मुख्यमंत्री आवास में कार्यक्रम








**बिलासपुर।** नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री आवास में आयोजित उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान समारोह में सदस्यता अभियान अंतर्गत 10 हजार से अधिक सक्रिय सदस्य जोड़ने के लिए केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक बिल्हा धरम लाल कौशिक एवं तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह को सदस्यता रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर तोखन साहू ने कहा कि यह सम्मान हर उस कार्यकर्ता की तपस्या, हर पदाधिकारी के मार्गदर्शन और हर शुभचिंतक की निष्ठा का प्रतिफल है, जिसने संगठन को घर-घर तक पहुंचाने में योगदान दिया। धरमलाल कौशिक ने कहा कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि उन समर्पित कार्यकर्ताओं और सहयोगियों का है, जिनके अथक परिश्रम से यह उपलब्धि संभव हो पाया है। विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि पार्टी ने मुझे जो जवाबदारी सौंपी थी उसे मैं पूरा किया और मैं पुरस्कार को लेकर यह कार्य नहीं किया था। यह तो मैं पार्टी के आदेश को मानकर अपने दायित्व का निर्वहन किया था। मुझे सदस्यता अभियान के पूरा होने पर पार्टी ने जो मुझे सम्मान दिया है उसके लिए मैं पार्टी के सभी वरिष्ठजनों के प्रति आभार जताता हूं। भाजपा नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में भाजपा सदस्यता अभियान 2024 के तहत छत्तीसगढ़ से 60 लाख सदस्यों का जुड़ना अप्रतिम उपलब्धि है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए ईमानदार प्रयासों का परिणाम है।

# जेल ब्रेकः चार कैदी 25 फीट ऊंची दीवार फांदकर फरार



**कोरबा।** जिला जेल में शनिवार की दोपहर को उस समय हड़कंप मच गया जब जेल की चारदीवारी के भीतर बंद पॉक्सो एक्ट के चार विचाराधीन आरोपी जेल की 25 फीट ऊंची दीवार को लांघकर फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत लालघाट निवासी सरना सिंकू पिता शंकर सिंकू, पड़ोसी जिला रायगढ़ के घरघोड़ा निवासी चंद्रशेखर राठिया पिता सूरज प्रसाद राठिया, रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भूलसीडीह निवासी राजा कंवर पिता टिकाराम कंवर, सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पोड़ीबहार निवासी दशरथ सिदार पिता प्रताप सिंह सिदार को जेल दाखिल कराया गया था। चारों विचाराधीन कैदियों ने जेल से भागने की योजना तैयार की थी। योजना के मुताबिक चारों ने शनिवार को जेल की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा प्रहरियों को झांसा देकर लगभग 3.30 बजे जिला जेल की लगभग 25 फीट ऊंची दीवार को फांदकर फरार हो गए। जब तक जेल प्रबंधन को पता चला तब तक ये कैदी इलाके से फरार हो चुके थे। जेलर विजयानंद सिंह को कैदियों को भागने की सूचना मिली तो वे जेल पहुंचे और प्रशासन व पुलिस के वरिष्ठ अफसरों को इस घटना से अवगत कराया। जेल ब्रेक की सूचना पाते ही नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का, सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद कुमार डडसेना सहित अन्य पुलिस अधिकारी जिला जेल पहुंचे। आरोपियों की धरपकड़ के लिए जिले भर में नाकेबंदी कर आरोपियों की सरगर्मी की खोजबीन की जा रही है।

### नाबालिग को भगाकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**तखतपुर।** नाबालिग लड़की को भगाकर ले जाने एवं उसके साथ बलात्कार करने वाले एक साल से फरार आरोपी को पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत प्रार्थी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री को अज्ञात आरोपी के द्वारा भगाकर ले गया है रिपोर्ट के बाद पुलिस ने मामले पर छानबिन किया जिसमें उन्होंने पाया कि लमती निवासी आरोपी भूपेंद्र राजपूत उम्र 25 वर्ष नाबालिग को भगाकर ले गया था और शादी का प्रलोभन देते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने छानबिन के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 137,2 87, 65,1 4,6 पास्को एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

आज बैद्यनाथ धाम के लिए होंगे रवाना

# विधायक धरमलाल ने किया भुनेश्वर महादेव का जलाभिषेक



मंदिर में अभिषेक करते धरमलाल कौशिक।

**बिलासपुर।** बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने शनिवार को विधानसभा के ग्राम मोहभट्ठा स्थित स्वयंभू भुनेश्वर महादेव की विधिवत पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने भगवान भोलेनाथ से क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस पावन अवसर पर डॉ देवेन्द्र कौशिक, विष्णु बिंदल, उमाशंकर कश्यप, लव श्रीवास, पेगन वर्मा, हरीश साहू, राजेन्द्र साहू एवं लोकेश साहू सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

विधायक धरमलाल कौशिक सावन मास के पवित्र अवसर पर श्रद्धालुओं के साथ आज बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना होंगे। इस दौरान वे बाबा वासुकिनाथ मंदिर एवं मां कामाख्या का दर्शन भी करेंगे। वे रविवार को सुबह 9:55 बजे साऊथ बिहार एक्सप्रेस रवाना होंगे। इस धार्मिक यात्रा में श्री कौशिक चार राज्यों के 5 दिवसीय दौरे पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी सावन के शुभ अवसर पर बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर, झारखंड, काली मंदिर कोलकाता और असम स्थित मां कामाख्या देवी मंदिर का दर्शन कर क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि हेतु पूजा-अर्चना करने का अवसर प्राप्त होगा।

# रतनपुर में ब्रह्मकुमारीज का नशामुक्ति कार्यक्रम



**रतनपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्ति भारत अभियान के तहत शनिवार को नशामुक्ति वेन यात्रा रतनपुर पहुंची, जहां नगरवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर इंजीनियर शिवमोहन बघेल के सहयोग से एक मंचीय कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें ब्रह्मकुमारी के सदस्यों ने नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकशान पर प्रकाश डाला, साथ ही एलईडी शो के माध्यम से नशे से सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। इसके पश्यात यह वेन यात्रा रतनपुर के विभिन्न मार्गो से होते हुए स्वामी आत्मानंद कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंची, जहां ब्रह्माकुमारी बहन संतोषी ने नारी में छुपी हुई शक्तियों का बखान करते हुए नशे के विरुद्ध अभियान छेड़ने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। इसके अलावा मोबाइल फोन के रेडिएशन के घातक प्रभावों पर भी छात्राओं को सचेत किया। इस अवसर पर विशेष सहयोगी के रूप में पहुंचे मोरध्वज कला मंच के शिवमोहन बघेल ने आयोजन के माध्यम से कहा कि पूरे भारत में एक दो राज्यों को छोड़कर सभी जगह शराब की बिक्री हो रही है, इस श्रृंखला में धर्म नगरी रतनपुर में भी हर गली मोहल्ले में शराब और गांजे की धड़ल्ले से बिक्री हो रही है। इसके अलावा लहुरी काशी के नाम से प्रसिद्धि प्राप्त आध्यात्मिक महत्व का सरोवर दुलहरा जिसके चंद कदमो की दूरी पर शराब भट्टी है, जिससे नगर की धार्मिक छवि धूमिल हो रही है। इस नशामुक्ति अभियान के माध्यम से नगर को नशे से निजात दिलाने का शासन-प्रशासन से आग्रह किया गया।

# कृषक संगोष्ठी में किसानों को दी गई आवश्यक जानकारी




कार्यक्रम में उपस्थित विधायक व नागरिक।

**मस्तूरी।** विकासखंड स्तरीय कृषक संगोष्ठी सह पीएम किसान दिवस का आयोजन शनिवार को स्थानीय जनपद पंचायत सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दिलीप लहरिया थे एवं बतौर विशिष्ट अतिथि जिपं सभापति कृषि स्थाई समिति अरुणा चंद्रप्रकाश सूर्या, जिपं सदस्य राधा खिलावन पटेल, दामोदर कांत, सतकली बावरे, जनपद सहकारिता सभापति सरिता नरेंद्र नायक, जनपद सदस्य देवेंद्र कृष्णन, मंजू देवी कुर्रे, धरम भार्गव, जनपद सदस्य प्रतिनिधि कार्तिक पटेल, राजकुमार अंचल, राघवेंद्र चंदेल मचंस्थ रहे। साथ ही सरपंच पचपेड़ी, कोसमडीह, रिसदा, पेंड्री ,दर्रीघाट, किरारी एवं विकासखंड के विभिन्न ग्रामों से 140 कृषक उपस्थिति रहे। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय बिलासपुर के सहायक प्राध्यापक ने कृषकों को कृषि के समसामयिक विषयों की जानकारी दी गया एवं एके आहिरे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मस्तूरी ने विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ धान के बदले दलहन तिलहन को अपना कर जल संरक्षण करने तथा विभिन्न उपायों से जल संवर्धन की जानकारी दी। मुख्य अतिथि एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने किसानों को कृषक दिवस एवं संगोष्ठी कार्यक्रम का लाभ उठाने कहा। इस अवसर पर 18 कृषकों को साइल हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रिय कृषि विकास अधिकारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी व कृषक मित्र उपस्थित रहे।

# बच्चों को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता करने शिविर



**पेंड्रा।** बच्चों में दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शासकीय हाई स्कूल बचरवार में शनिवार 2 अगस्त को निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन डॉ कृष्णकांत साहू दन्त चिकित्सक ने किया। डॉ साहू और उनकी टीम ने 100 से अधिक छात्रों के दांतों की जांच कर उन्हें दांतों की देखभाल के सही तरीके सिखाए। साथ ही बच्चों को दांतों में होने वाली समस्याओं, जैसे कैविटी और मसूड़ों की बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई।

डॉ साहू ने बताया कि, बच्चों में दंत स्वास्थ्य की उपेक्षा उनके समग्र स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल सकती है। उन्होंने छात्रों को दिन में दो बार ब्रश करने, फ्लॉस का उपयोग करने और मीठे खाद्य पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी। शिविर के अंत में, सभी छात्रों को टूथब्रश, टूथपेस्ट और दंत स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी वाले ब्रोशर वितरित किए गए। स्कूल के प्राचार्य शैलेंद्र अग्निहोत्री ने डॉ कृष्णकांत साहू और उनकी टीम को धन्यवाद दिया और भविष्य में ऐसे और शिविर आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की। यह पहल बच्चों को कम उम्र से ही अपने दांतों की देखभाल करने के लिए प्रेरित करेगी, जिससे उन्हें जीवन भर स्वस्थ रहने में मदद मिलेगी।

## निधन

### शांति देवी उपाध्याय



**बिलासपुर।** अशोक नगर निवासी शांति देवी उपाध्याय का शनिवार 2 अगस्त को निधन हो गया। वे 79 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. श्रीधर उपाध्याय की पत्नी, पूनम त्रिपाठी, संजय उपाध्याय व चित्रा पांडेय की माता थीं।

### विनोद राव दिघ्रस्कर



**बिलासपुर।** सरकंडा निवासी विनोद राव दिघ्रस्कर का 2 अगस्त को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व श्याम राव दिघ्रस्कर के पुत्र थे।

### चन्द्रशेखर बनाफर



**बिलासपुर।** टिकरापारा मन्नू चौक निवासी सेवानिवृत रेलकर्मी चन्द्रशेखर बनाफर का 2 अगस्त को निधन हो गया। वे 73 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार रविवार 3 अगस्त को सुबह 10 बजे दयालबंद मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे चंदना बोले के पिता व मुकुन्द बोले के नाना थे।

### बनवारीलाल अग्रवाल



**लोरमी।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी बनवारीलाल अग्रवाल का 88 वर्ष की आयु में 2 अगस्त को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वे प्रमोद, प्रदीप, नितेश (मिंटू) अग्रवाल के पिता थे।

### अशोक देवांगन



**मुंगेली।** खर्रीपारा निवासी अशोक देवांगन उम्र 56 वर्ष का 1 अगस्त की रात्रि में निधन हो गया। वे आकाश देवांगन, विकास देवांगन एवं निखिल देवांगन के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार 2 अगस्त शनिवार को देवांगन समाज मुक्तिधाम रावण भाटा में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिकजन एवं नागरिक उपस्थित थे।

### मानकुंवर सिंह राजपूत



**सीपत।** सीपत निवासी मानकुंवर सिंह राजपूत पति स्व पूरन सिंह राजपूत का 81 वर्ष की उम्र में 2 अगस्त को निधन हो गया है। इनका अंतिम संस्कार 3 अगस्त रविवार को सीपत नवातालाब स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अमर सिंह राजपूत, गजेन्द्र सिंह राजपूत एवं सत्यप्रकाश सिंह राजपूत की माता एवं विक्रम सिंह राजपूत की दादी थीं।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्र/क/रा.नि./2025
जूना बिलासपुर, दिनांक 24.07.2025

प्रति, 1. बाबूलाल पिता झब्ली सूर्यवंशी 2. लक्ष्मीकांत बंजारा 3. एस.के. राय 4.सुधाराम काछी 5. रोशन गढेवाल अन्य संबंधित हितबद्ध पक्षकार 6. गायत्री गढेवाल
(समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/ आवेदक के बताए अनुसार)
विषय:- सीमांकन में उपस्थित होने बावत।
संदर्भ:- न्यायलय तहसीलदार का ज्ञापन क्र./क/तह./वाचक/2025, बिलासपुर दिनांक 14.07.25
आवेदक बाबूलाल सूर्यवंशी निवासी परिजात कैशल के द्वारा ग्राम जरहाभाठा प.ह.नं. 38 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 124/41 रकबा 0.0080 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 05.08.25 को समय 12 PM-5PM बजे किया जायेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी। टीप: 1. आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2. विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है। (इस सीमांकन के लिए न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर द्वारा टीम गठित किया गया है।)

राजस्व निरीक्षक
जूना बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा श्रीमती भगवती यादव पति श्री अशोक यादव निवासी कस्तूरबा नगर बिलासपुर छत्तीसगढ़ से इनके नाम पर मौजा घुरु प.ह.नं. 61 रा.नि.मं. सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि का खसरा नम्बर 592/18 रकबा 2325 वर्गफुट भूमि खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

भवदीय
मुश्ताक अहमद
पिता मोहम्मद हनीफ
निवासी फेस-2 वार्ड 26 अहमद नगर भिलाई-1 दुर्ग (छत्तीसगढ़)
मो. 8349416222

**सूचना**

वंशिका रियल एस्टेट एक रजिस्टर्ड पार्टनरशिप फर्म है जिसकी स्थापना 10 दिसंबर 2009 को हुई थी और जिसका पंजीयन 8 जुलाई 2025 को हुआ है। इस फर्म में सुरेश बजाज एवं रानू बजाज भागीदार है। 21 दिसंबर 2023 को इस फर्म में श्रीमती सुष्मिता अग्रवाल पति श्री रुपेश अग्रवाल एवं सृष्टि अग्रवाल पिता श्री रुपेश अग्रवाल को भागीदार के रूप में फर्म में सम्मिलित किया गया है।
अतः नेताजी सुभाषचन्द्र बोस काम्पलेक्स अंतर्गत फ्लैट कमांक एसएफ/02 क्षेत्रफल 830 वर्गफीट बिलासपुर (छ.ग.) में इस प्रकार फर्म में कुल चार भागीदार हो गए हैं।
दिनांक - 01.08.2025

भवदीय
सुरेश बजाज,भागीदार
वंशिका रियल इस्टेट

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मौजा किरारी प.ह.नं.-0008 रा.नि.मं. मस्तूरी तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 14/2 रकबा 0.1780 हेक्टेयर भूमि स्वामी गंगाराम पिता रामाधार वार्ड नं.-5 किरारी तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. से क्रय करने का सौदा करते हुए अग्रिम धन विक्रेता को भुगतान कर दिया है और निकट भविष्य में शेष प्रतिफल भुगतान कर पंजीकृत विक्रयपत्र निष्पादित करायेगा।
अतः किसी भी व्यक्ति, संस्था एवं निकाय को उक्त संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर मेरे नीचे बताये पते पर मय दस्तावेज के लिखीत आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद अवधि कोई भी आपत्ति अवैधानिक एवं प्रभावशुन्य माना जावेगा। सो सूचना जाने।
दिनांक 2/8/2025

ऐश्वर्य पान्डेय, अधिवक्ता
शुभम विहार, ओम जोन गेट के पास बिलासपुर छ.ग.
मो. नं. 8319433844
9111092229

**न्यायालय श्रीमान् व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली, जिला- मुंगेली, छ.ग.**

विजय शर्मा.....................वादी
विरूद्ध
रोहित कुमार +5 अन्य ..........प्रतिवादीगण
व्य.वा.क्र.-63अ/2024
पेशी दिनांक-29.08.2025
प्रो.क्र.- 114/25

न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब पेश करने हेतु समंस
1. रोहित कुमार पिता लैनराम उर्फ लैनू कोम साहू उम्र 75 वर्ष निवासी ग्राम धरमपुरा तहसील व जिला मुंगेली, छ.ग. वर्तमान पता बजरंग चौक लकड़ी डिपो के पास लोरमी, तहसील लोरमी, जिला-मुंगेली, छ.ग.
6. आम जनता एवं अन्य जो इस प्रकरण से संबंधित है को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में वादी द्वारा प्रतिवादीगण एवं आम जनता के विरूद्ध जो प्रकरण से संबंधित है एक सिविल वाद वास्ते स्वत्व व अधिकार की घोषणा, स्थायी निषेधाज्ञा प्रदान करने, कब्जा की पुष्टि, कब्जा की प्राप्ति एवं वादभूमि के अवैध नामांतरण के बंटवारा को विधि विरूद्ध उद्घोषित कर वादभूमि के विक्रय सौदा दिनांक 11.09. 1998 का विनिर्दिष्ट पालन करने विकल्प में विरोधी आधिपत्य के आधार पर स्वत्व घोषणा करने बाबत प्रस्तुत किया गया है जो ग्राम धरमपुरा प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. जरहागांव तहसील व जिला-मुंगेली छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 86/1 रकबा 0.50 एकड़ के संबंध में प्रस्तुत किया गया है जिसमें पेशी दिनांक-29.08.2025 को नियत है।
रोहित कुमार एवं आम जनता तथा अन्य जो इस प्रकरण से संबंधित है को सूचित किया जाता है कि नियत दिनांक-29.08.2025 को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज अपनी प्रतिरक्षा के संबंध में दस्तावेज एवं जवाब प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी उक्त पेशी दिनांक को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जावेगी।
यह आज दिनांक 23/07/25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

व्य. न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी मुंगेली,
जिला-मुंगेली छ.ग.

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा संतोष पहाड़ी पिता श्री दीनदयाल निवासी- दलदलीहा पारा सकरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग. के स्वत्व एवं स्वामित्व की भूमि मौजा सकरी, म.न. 01, प.ह.न. 45, रा.नि.म. व तहसील तखतपुर, जिला में स्थित भूमि खसरा नं. 318/9, 318/3, शामिल खसरा नंबर 421/1, 421/2, कुल रकबा 0.75 एकड़ है, उक्त भूमि को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाने की राशि प्रदान की जा चुकी है एवं 7 दिवस के भीतर उपरोक्त भूमि का पंजीयन मेरे पक्षकार के पक्ष में होना है, उक्त भूमि के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, बैंक, अर्धशासकीय बैंक, निकाय, अर्धनिकाय, किसी को भी कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के पूर्व मेरे कार्यालय में आकर दस्तावेज सहित आपत्ति कर सकते है। समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होवेगी।
सो सूचना जाने।
दिनांक 02.08.2025

भवदीय
अशोक तिवारी, अधिवक्ता
गौरी गणेश कालोनी मंगला
जिला बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. -9039040115

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार श्रीमती फूला देवी पति प्रेम सिंह निवासी ग्राम वार्ड नं. 09 पुष्कर कान्वेंट स्कूल के पास गोड़पारा तिफरा, जिला बिलासपुर छ.ग. की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्वसाधारण के लिये आमसूचना प्रकाशित कराता हूं कि मेरे पक्षकार श्रीमती फूला देवी/क्रेता द्वारा विक्रेता-इसलेखा सेण्ड्रे पिता स्व. श्री सुदीन दास सेण्ड्रे जाति सतनामी निवासी- कालिका नगर तिफरा जिला बिलासपुर के स्वत्व, स्वामित्व की भूमि ग्राम तिफरा, प.ह.नं.40, रा.नि.मं. सिरगिट्टी थाना सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर-1333/11 रकबा 0.0030 हे. है। उक्त भूमि को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय किया जाना है तथा निकट भविष्य में एक सप्ताह के बाद रजिस्ट्री अपने नाम पर या किसी अन्य के नाम पर कराया जायेगा। उक्त भूमि के क्रय-विक्रय पर किसी भी संस्था, निकाय, बैंक शासकीय या अर्धशासकीय संस्था आदि किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो समाचार प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे पक्षकार या मेरे कार्यालय पर संपर्क कर आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा मेरा पक्षकार रजिस्ट्री कराने हेतु स्वतंत्र होगा। समयावधि पश्चात दावा आपत्ति शून्य माना जावेगा। सो सूचना जाने।
दिनांक 02/08/2025

भवदीय
मनोज कुमार तिवारी, अधिवक्ता
जिला न्यायालय बिलासपुर
मो.नं.- 9098179174

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि साझेदारी विलेख क्रमांक 222202387829 दिनांक 29/12/2023 के अनुसार M/S SHREEG BUILDCON में तीन साझेदार श्री बजरंग अग्रवाल, श्री शिशिर सोनछात्रा, श्री अंकित अग्रवाल के माध्यम से व्यापार एवं लेन-देन किया जा रहा था। यह कि दिनांक 03/07/2025 से उपरोक्त फर्म में निम्नलिखित संशोधन किया गया है श्री शिशिर सोनछात्रा ने अपनी सहमति से साझेदारी से सेवानिवृत्त होने का निर्णय लिया है और इसी दिनांक से श्री विवेक कुमार सिंघल को वर्तमान साझेदारों की सहमति से साझेदारी में शामिल किया गया है। अतः अब दिनांक 03/07/2025 से फर्म के वर्तमान साझेदार निम्नानुसार हैं 1. श्री बजरंग अग्रवाल 2. श्री अंकित अग्रवाल 3. श्री विवेक कुमार सिंघल उपरोक्त संशोधन के सम्बन्ध में यह आम सूचना सर्वसाधारण के अवगत कराने हेतु प्रकाशित की जा रही है।

वास्ते
M/S SHREEG BUILDCON
साझेदार श्री बजरंग अग्रवाल
पता R/o वार्ड क्रमांक 01, सन्त सॉ मिल, मुंगेली रोड, सिटी मॉल 36, बिलासपुर (छ.ग.)

**श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी**
**// शपथ पत्र //**

मैं सरलोसिला उम्र 80 वर्ष पति स्व. विनोद कुमार निवासी ग्राम बैतलपुर तहसील सरगांव जिला मुंगेली छ.ग. कि निवासी हूं। जो कि शपथ पूर्वक कथन कर रही हूँ। 1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है। 2. यह कि मेरे आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक में मेरा नाम सरला मसीह, पेन कार्ड में मेरा नाम सरला दर्ज है। 3. यह कि मेरे नाम से कृषि भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम बैतलपुर (दरूवनकांपा) तहसील सरगांव जिला मुंगेली छ.ग. में स्थित है जिसका खसरा नंबर 23/1 है जो कि राजस्व रिकार्ड में मेरा नाम सरलोसिला दर्ज है। 4. यह कि उपरोक्त वर्णित तीनों नाम सरला मसीह, सरला एवं सरलोसिला तीनों एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही नाम है जो कि सत्य एवं सही है। 5. यह कि मेरे आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक तथा पेन कार्ड में दर्ज नाम को सुधारकर राजस्व रिकार्ड के अनुसार मेरा नाम सरलोसिला दर्ज करवाना चाहती हूँ जिसमे मुझे संबंधित विभाग की समस्त नियम एवं शर्ते मान्य है। तथा अब मुझे सरलोसिला के नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जावे। 6. यह कि भविष्य में उपरोक्त नाम से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई वाद विवाद या दावा आपत्ति होती है तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी। 7. यह कि उक्त कथनों की सत्यता के समर्थन में यह शपथ पत्र संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

सरलोसिला शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूं कि उक्त शपथपत्र में वर्णित सभी तथ्य ज्ञान अनुसार सत्य व सही है आज दिनांक 02/08/25 जिला मुंगेली द्वारा हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

सरलोसिला शपथकर्ता

# स्वास्थ्य सेवा ही धर्म है यही चिकित्सकों का मूल मंत्र है


डॉ. हिमानी चौरसिया (थवाईत)

**दाँतों की समस्याएं एवं निवारण:**

आज के समय में खानपान के गलत आदतों के कारण मुख एवं दांतों की समस्याएं लोगों में बहुत ज्यादा देखने को मिल रहीं है। आजकल 4 वर्ष से लेकर 85 वर्ष तक के लोग दाँतों की समस्याओं से पीडित हैं। बच्चों के दूध के दाँतों में भी रूट केनाल ट्रीटमेंट की आवश्यकता पड़ने लगी है, इसका मुख्य कारण है गलत आहार का चयन। ध्यान रहें कि भोज्य पदार्थो का पार्टिकल साइज बहुत अधिक महीन नहीं होना चाहिए अर्थात भोजन जितना चिकना होगा जैसे मैदा, मीठे पदार्थ, चाऊमीन एवं अन्य फास्ट फूड जैसे भोज्य पदार्थ दाँतों में चिपकते हैं और दाँतों में सड़न पैदा करते हैं। **बच्चों के दाँतों का ख्याल कैसे रखें:-** ध्यान देवें कि बड़े तो फिर भी अपने दाँतों का ख्याल रख लेते हैं, किन्तु माताओं के सामने एक बड़ी समस्या यह रहती है कि बच्चों के दांतों का ख्याल कैसे रखें। जान लें कि कुछ टूथ पेस्ट में हानिकारक फ्लोराइड तत्व होते हैं जो कि बच्चों की हड्डियों में घातक बीमारी (osteo-florosis) पैदा कर सकते हैं। ADA (अमेरिकन डेन्टल एसोसिएशन) के अनुसार यदि बच्चे ने अगर टूथ पेस्ट निगल लिया हो तो इसे अमेरिका में एक इमरजेन्सी की तरह लिया जाता है। क्योकि यह बच्चों के लिए हानिकारक होता है। **दाँतों का टेढ़ा-मेढ़ा आना:-** आजकल ज्यादातर बच्चों के दाँत टेढ़े-मेढ़े देखने को मिलते हैं। इसके कई वजह हो सकती हैं जैसे वंशानुगत दाँतों की बनावट का टेढ़ा-मेढ़ा होना एवं दूध के दांतों का समय से ना गिरना। बच्चे दूध के दांतों का समय से गिर जाना ही आवश्यक है, क्योंकि दूध के दांत टूटने से बनने वाली जगह पर ही स्थाई दांत आते हैं। यह दाँतों के टेढ़ेपन का मुख्य कारण हो सकता है। दूध के दांतों के गिरने की उम्र 6 से 14 वर्ष है अत:माता पिता को बच्चों के इस उम्र के दौरान Dentist के पास जाकर नियमित डेन्टल चेकअप कराना चाहिए। **समाधान एवं निवारण :-** ध्यान रखें कि बहुत छोटे बच्चों के दाँतों की सफाई साफ कपड़े से करना बेहतर होता है। छोटे बच्चों को बॉटल फीड कराते वक्त ध्यान रखें कि बिना शक्कर का दूध हो, ताकि बच्चा बॉटल को मुंह में लेकर ना सोएं इससे दूध के दाँतों में कीड़े बहुत तेजी से फैलतें हैं। थोड़े बड़े बच्चों को टूथपेस्ट दिया जा सकता है जिसमें फ्लोराइड का स्तर कम हो। ध्यान दें कि बच्चों को दिन में दो बार ब्रश अवश्य करावें, रात में ब्रशिंग बहुत फायदेमंद होता है। ज्यादातर बच्चे अच्छे से ब्रश नहीं करते हैं इसलिए मुंह से दुर्गन्ध आती है। बच्चों को ब्रश करने का सही तरीका सिखाइये एवं प्रत्येक भोज्य पदार्थ खाने के बाद पानी से मुँह कुल्ला अवश्य करना चाहिए। इससे दाँतों में कीड़े लगने की संभावना बहुत कम हो जाती है।


डॉ. अवनीश त्रिपाठी

नेहरू नगर सांई मंदिर के पास स्थित **अनंत मेमोरियल हॉस्पिटल** के संचालक डॉ. अवनीश त्रिपाठी ने बताया है कि हमारे क्लीनिक में बच्चों से संबंधित सभी बिमारियों का ईलाज किया जाता है कि इसके अलावा उपलब्ध सुविधाओं में बवासीर, गठियावात, मधुमेह, ब्लडप्रेशर, अल्सर, कोलाईटिस एवं अन्य सामान्य बिमारियों का सम्पूर्ण ईलाज किया जाता है। होम्योपैथिक दवाएं प्राकृतिक पदार्थो से बनायी जाती है। इसके अलावा होम्योपैथिक का लक्ष्य शरीर की जीवन शक्ति को बहाल करना है।


डॉ. अभिनव मिश्रा

**मिश्रा बोन एण्ड ज्वाइंट क्लिनिक में घुटनो व कूल्हे का प्रत्यारोपण**

बिलासपुर। पल्लव भवन के पास रिंग रोड नं. 2 गौरव पथ पर स्थित मिश्रा बोन एण्ड ज्वाइंट क्लिनिक में घुटनो एवं कूल्हे का प्रत्यारोपण की सुविधा उपलबध है। डॉ. अभिनव मिश्रा ने बताया कि यहां रोबोटिक तकनीक से जोड़ प्रत्यारोपण किया जाता है। मरीजों को घुटनो के आर्थराइटिस का ईलाज, सभी प्रकार के फ्रेक्चर का इलाज व आपरेशन की सुविधा है। इसके अलावा कूल्हे के एवीएन का इलाज, लिंगामेंट का दूरबीन पद्धति से इलाज व आपरेशन कर मरीजों को दर्द से राहत की दिलाई जाती है। मरीजों की सुविधा के लिए यहां आयुष्मान कार्ड से इलाज किया जाता है। एक्स- रे- की भी सुविधा भी है।















डॉ. एल.सी. मढ़रिया

बिलासपुर। इस बरसात के मौसम में आँख लाल हो रही है, पानी आ रहा है; खुजली हो रही है यह एक आम शिकायत है। प्रतिदिन सैकडों लोग इसके शिकार हो रहे हैं। सावधान रहे इसे साधारण रूप में ना लें यह अंधत्व का कारण भी हो सकता है। क्योंकि मौसमी कंजेक्टिवाइटिस में आंखे लाल हो जाती है, पानी आना, खुजली होना सामान्य बात है। आप अपनी आंखों को साफ पीने के पानी से धोवें एवं साधारण एंटीबायोटिक ड्रॉप 4 बार डालें अगर बीमारी नहीं बढ़ती है तो यह सामान्य बैक्टीरियल कंजेक्टिवाइटिस है और अगर धुंधलापन दिखाई दे रहा है यह तो वायरल कंजेक्टिवाइटिस हो सकता है। जो आंखों की पुतली को नुकसान पहुंचा सकता है अत: आप तुरंत नेत्र चिकित्सक से सलाह लेकर, अंधत्व से बच सकते हैं। अगर आपको डायबिटीज है तो आंख लाल होने को साधारण मत समझिये तुरंत नेत्र चिकित्सक के पास जावें डायबिटीज में इन्फेक्शन जल्दी बढ़ता है और रौशनी कम होने लगती है हमारे देश को डायबिटीज कैपिटल कहा जाता है। हमारे देश में लगभग 7 से 8 करोड़ लोगों को डायबिटीज है और लगभग 3 करोड़ लोगों को प्री डायबिटीज है। सन् 2030 तक भारत में डायबिटीज के मरीजों की संख्या 10 करोड़ हो जायेगी। डायबिटीज से हमारे तीन अंगों को नुकसान पहुंचाता है। सर्वप्रथम इसके कारण मरीज नेत्र में अंधत्व का शिकार हो जाते हैं तथा 17 प्रतिशत डायबिटीज के मरीजों में डायबीटिक रैटिनोपैथी होती है जिससे आँख की नसें कमजोर होकर फट जाती है और रौशनी चली जाती है और उसमें से 3.6 प्रतिशत लोग डायबिटीज के कारण ब्लाइंड हो जाते हैं और खेद का विषय है कि समाज में 36 से 50 वर्ष की आयु में अधिकांश लोगों को डायबिटीज होती है। वह उम्र उस परिवार के पालन पोषण का मुख्य कारण अनुवांशिक मोटापा, मेंटल स्ट्रेस, खाने में अनियमितता आदि हैं तथा आपको अगर डायबिटीज है तो ब्लड शुगर कंट्रोल रखिए व अंधत्व से बचने के लिए निमित आंखों की जांच हर 6 माह में नेत्र चिकित्स द्वारा करावें।

डॉ.मढ़रिया ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय डायबिटीज फेडरेशन के अनुसार हर 10 सेंकड में एक व्यक्ति की मृत्यु डायबिटीज के कारण हो रही है।



















## खबर संक्षेप

### मुख्तियारनामा लिखाकर बुजुर्ग महिला का घर बेचा



**बिलासपुर।** मुख्तियारनामा लिखकर बुजुर्ग महिला की जमीन व मकान को बेचने वालों के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कुदुदण्ड निवासी कृष्णा बाई कश्यप पति स्व. किशन कश्यप 70 साल ने रिपोर्ट लिखाई। उनके ससुर महादेव कश्यप के नाम से कुदुदण्ड में 0.62 डिस्मिल जमीन राजस्व अभिलेख में दर्ज था। जिस पर पुराना मकान बना है और वे परिवार के साथ रहती हैं। वहीं तिफरा में 0.33 डिस्मिल जमीन है। तिफरा की जमीन को बेचने के लिए उन्होने सौरभ मिश्रा, अनूप उर्फ सूर्या कश्यप से संपर्क की। जमीन बिकवाने के बहाने सौरभ ने महिला से 29 अप्रैल 2022 को अपने नाम पर मुख्तियारनामा लिखवा लिया। बाद में उसी मुख्तियारनामा में उनके मकान जानकारी दर्ज कर दी। कुछ माह बाद रोशन दयालानी चार पांच लोगों के साथ कुदुदण्ड स्थित उनके मकान में पहुंचा और मकान को खरीद लेने की बात कहते हुए कब्जा करने की कोशिश करने लगा। पड़ोसियों के मदद से कब्जा करने से रोका गया। उसके बाद श्रीमती कश्यप रजिस्ट्री कार्यालय में पतासाजी की तो 31 अक्टूबर 2022 को उनके मकान की रजिस्ट्री सौरभ मिश्रा ने रोशन दयालानी के नाम पर कर दी है। उन्होंने आरोप लगाई है तिफरा की जमीन का हवाला देकर उनके मकान को बेच दिया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर सौरभ मिश्रा, अनूप उर्फ सूर्या कश्यप व अन्य के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बैंक में बंधक मकान को महिला को बेचा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** बैंक में बंधक मकान को महिला को बेचने वाले दो लोगों के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, गोंड़पारा शीतला मंदिर निवासी हेमलता यादव ने रिपोर्ट लिखाई। सारंगढ निवासी प्रकाश दास महंत से उन्होंने 12.50 लाख रुपए घुरू अमेरी में मकान खरीदी थी। बाद में पता चला उक्त मकान बैंक में बंधक है। यह भी पता चला कि प्रकाश दास महंत ने उक्त मकान को मनोज ओगरे से खरीदा था। उसे जानकारी दी थी मकान बैंक में गिरवी है। उसके बाद भी उन्हें धोखे में रखकर बेचा है। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर प्रकाश दास महंत, मनोज ओगरे के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

### फार्महाउस में गैस लीक होने से हो गया ब्लास्ट

**बिलासपुर।** फार्महाउस में खाना बनाते समय गैस सिलेण्डर लीक होने से आग लग गई। कुछ देर बात गैस सिलेण्डर ब्लास्ट हो गया। जिससे मकान क्षतिग्रस्त हो गया गया है। तारबाहर थाना के एसआई रामनरेश यादव एफसीआई चौक के पास सतीश अग्रवाल के फार्म हाउस में चौकीदार है। शनिवार को दोपहर 3 बजे वह खाना बना रहा था। गैस पाइप में लीक होने से सिलेण्डर में आग लग गई, जिससे चौकीदार आसपास में रहने वाल सभी लोगों को गैस सिलेण्डर में आग लगने की बात कहते हुए मकान खाली कर भागने कहा। वहां रहने वाले सभी लोग फार्महाउस के बाहर निकल गए। कुछ देर बाद सिलेण्डर फट गया। जिससे मकान की दीवारों में दरार आ गई और खिड़की का कांच टूटकर बिखर गया। पुलिस आगजनी का मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

**नहीं मिली कोई स्वीकृति** | शासन से नए भवन स्वीकृत करने की मांग

# 187 आंगनबाड़ी भवन अति जर्जर, सालों से नए भवनों की स्वीकृति नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वयं के भवन की कमी से पहले ही जूझ रहे जिले के 186 आंगनबाड़ी भवन अति जर्जर हालत में पहुंच चुके हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विगत लंबे समय से जिले के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन हेतु नए भवन की मांग की जा रही है, लेकिन स्वीकृति के अभाव में आंगनबाड़ी केंद्रों के सुरक्षित संचालन के लिए किराए या अन्य शासकीय भवनों को विकल्प के रूप में उपयोग में लाया जा रहा है।

केंद्र व राज्य शासन के अधीन संचालित होने वाले विभिन्न विभागों के लिए करोड़ों रूपए की लागत से नए भवनों की स्वीकृति आसानी से दी जा रही है, लेकिन बमुश्किल चार से पांच लाख की लागत में आसानी से तैयार हो जाने वाले आंगनबाड़ी भवन के लिए शायद सरकार के पास पैसे नहीं हैं। यही कारण है कि जिले के 187 आंगनबाड़ी केंद्र अति जर्जर हालत में पहुंच चुके हैं। भवनों की जजर्रता आज की नहीं, बल्कि सालों पुरानी है। इसके बावजूद भवनों की भारी कमी के चलते जान जोखिम में डालकर भी उनका उपयोग किया जाता रहा है। जिले के 95 अति जर्जर हालत वाले आंगनबाड़ी भवनों का निरीक्षण कर ग्रामीण यांत्रिकी विभाग द्वारा निरीक्षण कर निष्प्रयोजन करने हेतु अभिमत दिया जा चुका है। इसी तरह अन्य 92 अति जर्जर भवनों के निष्प्रयोजन के लिए भवनों का निरीक्षण करने एवं अपना अभिमत प्रदान करने महिला एवं बाल विकास विभाग ने ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को पत्र लिखा है। विभाग द्वारा विगत लंबे समय से जिले में नए आंगनबाड़ी भवनों की मांग की गई है, लेकिन फिलहाल कोई स्वीकृति नहीं मिल सकी है।



### 427 केंद्रों का किराए के भवन में संचालन

जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों की कुल संख्या 1925 है, जिसमें 1324 आंगनबाड़ी केंद्र स्वयं के भवनों में संचालित हो रहे हैं। इसी तरह 174 केंद्रों को अन्य शासकीय एवं सामुदायिक भवनों में संचालित किया जा रहा है। इसके विपरीत 427 आंगबनबाड़ी केंद्र ऐसे भी हैं, जो किराए के भवनों में संचालित हो रहे हैं।

### कुछ तो पांच साल में ही हो गए जर्जर

जिले के अति जर्जर आंगनबाड़ी भवनों में कुछ के निर्माण को 30 साल भी हो चुके हैं। इसके विपरीत कुछ भवन पांच साल पुराने ही हैं। दरअसल आंगनबाड़ी भवन बनाने के लिए एजेंसी ग्राम पंचायत होती है, जिससे सरपंच अपने हिसाब से इसका निर्माण करवाते हैं। बीते वर्षों में जिले में जो भवन बनाए गए हैं वे स्तरहीन थे, जिससे पांच साल भी नहीं टिक सके व बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आरईएस विभाग को उन्हें जर्जर घोषित करना पड़ा।

### बच्चों को दूर रखा गया है

जिले में कुल 187 आंगनबाड़ी भवन अति जर्जर हालत में हैं। इनमें से 95 अति जर्जर भवनों को निष्प्रयोजन करने हेतु आरईएस विभाग से अभिमत प्राप्त भी हो चुका है। इसी तरह 92 भवनों के निष्प्रयोजन करने निरीक्षण एवं अभिमत के लिए आरईएस को पत्र भेजा गया है। नए भवनों की स्वीकृति के लिए भी शासन से मांग की गई है। कुछ भवनों की स्वीकृति स्थानीय स्तर पर मिली है। बच्चों को अति जर्जर भवनों से दूर रखा गया है। उनकी बैठक व्यवस्था अन्यत्र भवनों में कराई गई है।

**-सुरेश सिंह,** जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग

70 नाले- नालियों का 110 एमएलडी गंदा पानी अरपा नदी में पहुंचता है

# 7 एसटीपी बनकर पूरे होंगे तभी साफ होगा 74 एमएलडी पानी, 2026 तक होंगे पूरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के रिहायशी क्षेत्रों से 70 नाले, नालियों का 110 एमएलडी गंदा पानी अरपा नदी में पहुंचता है। निगम ने इसकी सफाई के लिए 285 करोड़ का प्लान पेश हाईकोर्ट में पेश किया है, जिसमें अरपा में 7 एसटीपी बनाए जाने की बात है, जिसके माध्यम से गंदे पानी को साफ किया जाएगा। यदि सही ढंग से एसटीपी काम करने लगे तो अरपा साफ हो जाएगी। दूसरी ओर शहरवासियों की आशंका इस बात कि है कि यदि नदी में जा रहे गंदे पानी को साफ करने की व्यवस्था समय पर नहीं हो सकी तो अरपा का पानी बहुत ज्यादा प्रदूषित हो जाएगा। निगम का दावा है कि मार्च 2026 तक सभी एसटीपी पूरे हो जाएंगे। इसमें 30 करोड़ की लागत से मंगला में 2 और कोनी व जवाली नाला पर 1-1 एसटीपी के निर्माण का कार्य अंतिम चरणों में है। इसके साथ ही निगम तीन और एसटीपी बना रहा है। इसमें चिंगराजपारा में 40 एमएलडी का, तिलकनगर में 4 एमएलडी का और शनिचरी में 8 एमएलडी का एसटीपी बनाया जाएगा। इसके लिए 103 करोड़ रुपए का अलग से प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

- मंगला, कोनी के साथ चिंगराजपारा, तिलकनगर, शनिचरी में बन रहे एसटीपी

गौरतलब है कि निगम की सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक ही अरपा में 110 एमएलडी गंदा पानी ग्यारह बड़े नालों के जरिए पहुंचता है। असल में अरपा के किनारे जहां जहां आबादी है वहीं अधिक समस्या है। मंगला से दोमुहानी तक 10.50 किलोमीटर की लंबाई में नदी के दोनों ओर से रिहायशी क्षेत्रों का गंदा पानी अरपा में गिरता है। निगम इनके ट्रीटमेंट के लिए 69 करोड़ की लागत से मंगला में 6 एमएलडी और 10 एमएलडी क्षमता के दो एसटीपी बना रहा है। इसी तरह कोनी में 6 एमएलडी क्षमता के एक एसटीपी का निर्माण भी जारी है।



दो मुहानी स्थित एसटीपी मशीन।

### 4 करोड़ लीटर गंदा पानी रोज बह रहा

हालांकि देखा जाए तो हाईकोर्ट ने पहल न की होती तो अरपा को प्रदूषण से मुक्त कराने, नदी में 12 महीने जल का प्रवाह बनाए रखने के लिए बैराज, एनीकट के निर्माण और उद्गम स्थल की भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू नहीं होती। फिलहाल तो करीब 4 करोड़ लीटर गंदा पानी रोज नदी में बह रहा है। शहर के नाले, नाली, सीवरेज प्रोजक्ट, कचरा, मलबा सब अरपा नदी में गिर रहे हैं। अरपाअरपा अर्पण महाअभियान से जुड़े श्याम मोहन दुबे का कहना है कि अरपा में चेकडेम व एनीकट बनने से होने वाले नुकसान अब परिलक्षित होने लगे हैं। फिलहाल अरपा नदी एक बड़े प्रदूषित नाले का रूप धारण कर चुकी है। इस ठहरे हुए प्रदूषित पानी से शहर में बीमारियों का प्रकोप, मच्छर का प्रकोप व भूजल के प्रदूषित होने की संभावना अधिक हो जाती है। समिति ने एनीकट के द्वारा रोके गए प्रदूषित पानी को जल्द ही निकालने व जलकुंभी को हटाने की मॉग की है।

### 90 फीसदी हिस्सा टायलेट से होकर अरपा में

फिलहाल नगर निगम का नल जल विभाग प्रतिदिन 40 एमएलडी पानी शहरवासियों को सप्लाई करता है, इसका 90 फीसदी हिस्सा टायलेट से होकर अरपा में लौट जाता है। कचरे की डंपिंग लगातार हो रही है। सफाई विभाग और अब आम लोग भी इसमें पीछे नहीं हैं। महामाया चौक के पास इंदिरा सेतु, अरपा के पुराने पुल, शनिचरी रपटा, गुरुनानक चौक और तोरवा पुल से देखें, तो हर कहीं अरपा में गंदगी, कचरा, मटमैला बदबूदार पानी और जलकुंभियों का मैदान नजर आता है। जानकारों के अनुसार कचरे,मलबे की डंपिंग तत्काल बंद होनी चाहिए। पर्यावरण संरक्षण के लिए अरपा के दो किनारे बड़े पैमाने पर पौधरोपण कराया जाए।

### मार्च तक सभी का काम पूरा होगा

मार्च 2026 तक सभी एसटीपी पूरे हो जाएंगे। इसमें 30 करोड़ की लागत से मंगला में 2 और कोनी व जवाली नाला पर 1-1 एसटीपी के निर्माण का कार्य अंतिम चरणों में है। इसके साथ ही चिंगराजपारा में 40 एमएलडी का, तिलकनगर में 4 एमएलडी का और शनिचरी में 8 एमएलडी का एसटीपी बनाया जाएगा। इसके लिए 103 करोड़ रुपए का अलग से प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

**- राजकुमार मिश्रा,** चीफ इंजीनियर, नगर निगम

अवैध हथियार सहित तीन गिरफ्तार



# जरहाभाठा, मंगला में पुलिस का छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात सिविल लाइन पुलिस ने जरहाभाठा, मंगला क्षेत्र में संदिग्धों के घरों में दबिश देकर जांच की। अवैध हथियार के साथ 3 बदमाशों को पकड़ा गया है। वहीं संदिग्ध रूप से घूमने वाले 6 लोगों को पकड़कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

- 6 संदिग्ध भी चढ़े पुलिस के हत्थे

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर 1 अगस्त की रात सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बल के साथ जरहाभाठा, मंगला क्षेत्र में पूर्व में गंभीर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों को चिन्हाकित कर उनके घरों में दबिश देकर जांच की गई। जांच के दौरान दो बदमाशों के पास से चापड़ व एक के पास से चाकू बरामद किया है। इसी तरह देर रात में संदिग्ध रूप से घूमने वाले 6 लोगों को पकड़ा गया है। पुलिस की छापामार कार्रवाई से दोनों क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ था। पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार संवेदनशील क्षेत्रों में दबिश देकर अपराधिक प्रवृत्ती के लोगों पर सख्ती से कार्रवाई करने में लगी हुई है। सीएसपी श्री परिहार ने कहा असामाजिक तत्वों एवं पूर्व में गंभीर अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उन्होने आमजन से किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने अपील की है।

### पकड़े गए बदमाश

- अनिल बंजारे पिता परमेश्वर बंजारे 29 साल जरहाभाठा मिनीबस्ती आर्म्स एक्ट
- सूरज कौशले पिता नरेश कौशले 22 साल मझवापारा आर्म्स एक्ट
- प्रफुल्ल डाहिरे पिता स्व. रहस लाल डाहिरे 25 साल मंझवापारा आर्म्स एक्ट

### पकड़े गए संदिग्ध

- रामायण पटेल पिता रमेश पटेल 28 साल शांति चौक मंगला
- निलेश पटेल पिता स्वर्ण पटेल 23 साल शांती चौक मंगला
- अभिषेक मनहर पिता सुरेश मनहर 20 साल राजीव गांधी चौक
- प्रहलाद गेंदले पिता देवकुमार गेंदले 25 साल संजय नगर तालापारा
- राहुल नुरूटी पिता रम्हउ राम नुरूटी 25 साल देवरीखुर्द
- यासिन अली पिता शाहिद अली 19 साल तालापारा

# प्रतिबंधित दवा व गांजा बेचने वालों पर पुलिस का प्रहार, 5 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** एक बार फिर पुलिस ने प्रतिबंधित दवा व गांजा बेचने पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 5 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से गांजा व टेबलेट जब्त की गई है।

सरकण्डा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली, लिंगियाडीह शीतला मंदिर के पास एक व्यक्ति प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बेच रहा है। टीआई निलेश पाण्डेय ने स्टाफ के साथ मौके पर दबिश देकर जरहाभाठा ओमनगर निवासी रेहान खान उर्फ राज पिता कल्लू खान 19 साल को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर 120 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट मिली। कड़ाई बरतने पर उसने मंझवापारा निवासी राकेश कारे पिता शरद कारे 25 साल के द्वारा बिक्री करने के लिए देना बताया। पुलिस ने मंझवापारा में दबिश राकेश कारे का गिरफ्तार कर लिया है। इसी तरह तारबाहर पुलिस ने 30 जून 2025 को पुराना बस स्टैण्ड से टिकरापारा निवासी कुणाल रजक, राहुल कुमार पाटले, प्रिंस बारी को प्रतिबंधित नशीले दवा के साथ पकड़कर कार्रवाई की गई थी। उनके निशानदेही पर उन्हें प्रतिबंधित नशीले दवा सप्लाई करने वाले अभिषेक बारी पिता सक्ति नारायण बारी 25 साल अम्बिकापुर, सुमीत कुमार केसरी पिता कृष्ण मुरारी केसरी 30 साल को मोबाइल लोकेशन के आधार पर राबर्टगंज से गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह तोरवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन गेट नम्बर 3 में दबिश देकर सकरी पोंड़ी नवापारा निवासी रज्जब खान पिता स्व. नूर खान 27 साल को पकड़कर उसके पास से 4 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने गांजा व प्रतिबंधित दवा जब्त कर पांचों को गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# छात्र पर चाकू से हमला, साधारण मारपीट का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुरानी रंजिश को लेकर युवकों ने एक छात्र के साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया है। घायल छात्र को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ साधारण मारपीट का मामला दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

कस्तूरबानगर निवासी महेश यादव पिता विशाल यादव ने बताया, पूर्व में स्कूल में उसका समीर अंसारी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। शुक्रवार की रात करीब 10 बजे उसका राजीव गांधी चौक के पास मुलाकात हो गई। इसी दौरान पीछे से समीर अंसारी का दोस्त उस पर चाकू से हमला कर दिया। घायल अवस्था में महेश यादव को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। सिविल लाइन पुलिस ने बड़े भाई अजय यादव की रिपोर्ट पर हमलावर समीर अंसारी एवं अन्य के खिलाफ साधारण मारपीट की धारा 115, 2, 296, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर लिया है।

इस संबंध में सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह का कहना है कि घायल के बयान व मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर गंभीर धारा जोड़कर हमलावरों पर कार्रवाई की जाएगी।



अस्पताल में भर्ती घायल।

### बिजली बंद से उपभोक्ता परेशान, रात में नहीं उठाते फोन

**बिलासपुर।** सकरी क्षेत्र में रोजाना हो रही बिजली बंद से उपभोक्ताओं का हाल बेहाल है। सकरी, उसलापुर सहित आसपास के गांवों में भी दिन के साथ रात में भी बिजली बंद हो रही है। बारिश बंद होने के कारण उमस भरी गर्मी से बेहाल उपभोक्ताओं की शिकायत यह है कि सकरी में स्टाफ होने के कारण मरम्मत में काफी समय लगता है, बिजली बंद होने के बाद रात को जेई से लेकर ईई तक फोन नहीं उठा रहे हैं।

बिजली की आंखमिचौली के कारण सकरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं का नींद में खलल पड़ रहा है, रात में किसी भी समय बिजली बंद रहती है, कर्मचारी और अधिकारियों के द्वारा शिकायत तक नहीं सुनी जा रही है, ऐसे में रात भर परेशान होना पड़ रहा है। पिछले 3 दिनों से सकरी, उसलापुर, पेंडारी, परसदा जैसे गांव के आसपास बने दर्जनों कालोनियों में बिजली सप्लाई ठप रहती है, घंटों सप्लाई ठप होने से रहवासी खासे परेशान है। बताया जा रहा है कि ट्रांसफार्मर व केबल खराब होने के कारण बिजली बंद हो रही है लेकिन मरम्मत में कर्मचारियों के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है, जिसके चलते देरी होती है और घंटों बंद का समाना करना पड़ता है।




हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# कोनी और बिरकोना में चला निगम का बुलडोजर

**बिलासपुर।** शहर में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ छेड़े गए अभियान के तहत आज लगातार पांचवे दिन भी कार्रवाई की गई। जोन क्रमांक 8 क्षेत्र में कोनी और बिरकोना रोड पर किए गए अवैध प्लाटिंग और निर्माण पर आज निगम का बुलडोज़र चला।

- अवैध प्लॉट में बने रोड, बाउंड्रीवाल और मकान ध्वस्त

नगर निगम व राजस्व विभाग के संयुक्त दल द्वारा कोनी में खसरा नंबर 17 की भूमि को गोपी श्रीवास,त्रिलोकचंद्र श्रीवास,आनंद श्रीवास द्वारा 13 टुकड़ों में काटकर बेचा गया है, जिसमें निगम ने कार्रवाई की। इसी भूमि पर निर्माणाधीन दो अवैध मकान को निगम ने जमींदोज किया है। इसी तरह बिरकोना रोड में डीपी कालेज के पीछे भूमि खसरा नंबर खसरा नं. 29/6 गास मोहम्मद,खसरा नं.24 शाहिद और असलम खान, खसरा नं 309 दाऊ मंडी के पास की अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करते हुए सड़क,नाली और बाउंड्रीवाल को हटाया गया है। कार्रवाई में भवन अधिकारी अनुपम तिवारी जोन कमिश्नर विभा सिंह इंजीनियर शशि वारे, देवनारायण मरकाम, अरूण यादव व जुगल सिंह व पटवारी और कर्मचारी एवं पुलिस बल की उपस्थिति रही।



## खबर संक्षेप

### कृष्णा को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



**बेलतरा।** जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक शाखा बेलतरा में भृत्य के पद पर कार्यरत कृष्णा प्रसाद कश्यप 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर बैंक व समिति के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। ब्रांच मैनेजर ओंकार पांडे ने कहा कृष्णा प्रसाद कश्यप काफी पुराने एवं वरिष्ठ कर्मचारी थे, वे बैंक की रीढ़ की हड्डी थे। वे अपने कार्यों को कुशलता पूर्वक एवं सरल सहज, स्वभाव के साथ करते थे। 36 वर्ष सेवा काल में 6 वर्ष अस्थाई एवं 30 वर्ष स्थाई कार्यकाल रहा, इस दौरान उन्होंने अधिकतम समय बेलतरा बैंक में ही सेवा दी। इस दौरान लेखापाल भारत भूषण ताम्रकार, राजवीर सिंह, राजकुमार साहू, राजीव यादव, सेवा सहकारी समिति प्रबंधक दिलीप शुक्ला, अरुण कश्यप, रूपेश कश्यप, शैलेंद्र कौशिक, रामस्वरूप कौशिक, रामेश्वर कश्यप, सुश्री साधना भगत, राम रतन यादव, अनीश कश्यप सुखचंद सूर्यवंशी, कौशल यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

### विश्वनाथ बने दगोरी मंडल कांग्रेस अध्यक्ष

**दगोरी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में जिला व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सहयोग से बिल्हा ब्लॉक



प्रभारी स्वपनिल शुक्ला की देखरेख में दगोरी मंडल कांग्रेस अध्यक्ष हेतु महंत विश्वनाथ दास मानिकपुरी की नियुक्ति की गई। विगत दिनों रेस्ट हाउस बिल्हा में हुई बैठक में पूर्व विधायक बिल्हा सियाराम कौशिक, पूर्व मंडी अध्यक्ष कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ला, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गीतांजलि कौशिक, नानक रेलवानी, बृजेश शर्मा, विनोद दिवाकर, जीवन यादव इत्यादि की उपस्तिथि में सर्वसम्मति से यह नियुक्ति की गई है।

### एलबीडी स्कूल में रोपे गए पौधे

**करगीरोड कोटा।** एलबीडी इंटरनेशनल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम'




अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सराहनीय पहल में पाटिल समूह इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक आदित्य दीक्षित, प्रधानाचार्य मुकेश निर्मलकर, समस्त शिक्षक एवं पाटिल समूह से गोपाल कृष्ण शुक्ल उप महाप्रबंधक, वीपी बर्मन वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासनिक, कुलमणि साहू सहायक प्रबंधक क्वालिटी तथा सामल प्रशासन प्रभारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर निदेशक आदित्य दीक्षित ने पौधरोपण के लाभ एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य मुकेश निर्मलकर ने वृक्षों की उपयोगिता व जीवन में उनके महत्व पर प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए।

### सुकली में हर्षोल्लास से मनी गोस्वामी तुलसीदास की जयंती



**लोरमी।** समीपस्थ ग्राम सुकली में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि नोहर सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि गोस्वामी तुलसीदास महान कवि के साथ-साथ रामभक्त थे, उनकी की कृतियां समाज का मार्गदर्शन करती हैं। उमाशंकर सिंह ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास एक महान संत, कवि और विचारक थे, जिनके विचार आज भी हमारे जीवन को सही राह दिखाते हैं। इस दौरान विश्राम जायसवाल ने रामायण समिति के सभी सदस्यों को कल्याण पुस्तक एवं नोहर सिंह ने एक-एक कलम भेंट की। रामायणकों ने राम भजनों के माध्यम से राम और तुलसी की महिमा का गान किया। कार्यक्रम का संचालन शिवशंकर जायसवाल ने किया। इस अवसर पर दरबार सिंह, दुखित सिंह, रामनिवास सिंह, लक्ष्मी सिंह, नकुल सिंह, नरसिंह, जयजय साहू, कृष्णादास मानिकपुरी, रोशन सिंह,गजानंद सिंह, बलिस्टर सिंह, देवप्रकाश सिंह, धर्मराज सिंह, सच्चिदानंद सिंह, जेठू सिंह, परमेश्वर जायसवाल एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### प्रयोगशाला परिचालक प्रवेश परीक्षा आज

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) रायपुर द्वारा प्रयोगशाला परिचालक (चतुर्थ श्रेणी) के पदों पर भर्ती के लिए प्रवेश परीक्षा 3 अगस्त को प्रातः 11 से दोपहर 01.15 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा चुकी है। जिले के 7 केंद्रों डा.जे.पी. मिश्र शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, शासकीय एस.एन.जी महाविद्यालय, बी.आर.साव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जेसीज पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दाउपारा में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, इनमें 2 हजार 534 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

# पंचायत भवनों में लटक रहे ताले, नहीं पहुंच रहे कर्मचारी, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमगंगा/मुंगेली

- सचिव के आने का इंतजार करते रहते हैं लोग
- सरकारी योजनाएं कमरे में कैद

पंचायत भवन में लटकते ताले पंचायती व्यवस्था के प्रति जिम्मेदारों की लापरवाही को उजागर कर रहे है। उनकी लापरवाही से सरकारी योजनाएं बंद कमरे में कैद है। ग्रामीणों को शासन की योजना का जानकारी एवं लाभ समय पर नही मिल पाने से ग्रामीण असमंजस की स्थिति में रहते हैं।

केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार एवं छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय की सरकार ग्रामीण तबके की जिंदगी बेहतर बनाने के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को पंचायत स्तर पर क्रियान्वित कर रही है। इसे क्रियान्वयन करने वाले पंचायत स्तर के अधिकारी लापरवाही बरतने से बाज नहीं आ रहे हैं। मुंगेली जनपद पंचायत के अंतर्गत अनेक ग्राम पंचायतों में ताले लटकते हुए देखने को मिल जाएंगे। सचिव सप्ताह के 1-2 दिन में पंचायत भवन




ग्राम पंचायत कार्यालय भवन में लटकते ताले।

खोलकर अपने कार्यो को इतिश्री कर लेते हैं जबकि शासन की गाइड लाइन के अनुसार पंचायत भवन को प्रतिदिन खोलना चाहिए। जिला पंचायत एवं जनपद के उदासीनता के चलते ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है। संबंधित अधिकारियों का समय समय पर ग्राम पंचायतों में आकस्मिक निरीक्षण नहीं होने के कारण जिम्मेदार लोग अपनी मनमानी कर रहे हैं। पंचायत भवन के पास ही रहने वाले ग्रामीणों से जानकारी लेनी चाही तो उनका कहना है कि सप्ताह में 1-2 बार ही पंचायत भवन खुलते देखा जाता है बाकि दिन ग्रामीण अपने कार्यो के लिए सचिव के आने एवं पंचायत भवन खुलने की इंतजार करते रहते हैं।

### तरवरपुर में लापरवाही

ग्राम पंचायत तरवरपुर के निवासी नमकलाल भास्कर ने बताया कि ग्रामीण अपने कार्य एवं शासन की योजनाओं की जानकारी लेने मुख्यालय पहुंचते है पर सचिव सप्ताह में मात्र 1-2 दिन भवन का ताला खोलकर ग्रामीणों से कुछ देर के लिए ही मुलाकात करते हैं। सचिवों की लापरवाही देखने के बाद पता चलता है कि जिला एवं जनपद के अधिकारियों का सचिवों की कार्यशैली पर से नियंत्रण पुरी तरह हट चुका है। यही कारण है की सचिव अपनी कार्यशैली से शासन प्रशासन का नाम धुमिल करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ग्राम पंचायत तरवरपुर में इन दिनों जिसका जीता जागता उदाहरण बना हुआ है।

### हितग्राही हो रहे परेशान

जनपद पंचायत मुंगेली की ग्राम पंचायत बीजातराई, केशलीकला, मौहार, पौनी, जल्ली, टेढ़ाधौरा, ढुल्लापुर, हरियरपुर, छटन, दामापुर, बांकी, नागोपहरी सहित अनेक ग्राम पंचायत में ऐसी स्थिति बनी हुई है जहां आए दिन ग्राम पंचायतों में ताला लटकते हुए देखा जा सकता है। कई ग्राम पंचायतों में आवास योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। योजना का लाभ लेने वाले ग्रामीणों से राशि की मांग की जा रही है। जिसकी शिकायत भी जनदर्शन में की गई है। जिससे अधिकारी भी ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कड़ा रूख अख्तियार कर रहे हैं।

### की जाएगी कार्रवाई

ग्राम पंचायत भी जनपद पंचायत की तरह कार्यालय है जिसे नियमानुसार प्रतिदिन खुलना चाहिए। इस संबंध में जानकारी लेकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

-**लक्ष्मीकांत कौशिक**, सीईओ जनपद पंचायत मुंगेली

## पॉश कालोनी के सूने मकानों में हुई थी लाखों की चोरी

# चोरी कर हवाई जहाज से दिल्ली गए चोर, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

- मुंगेली पुलिस को मिली बड़ी सफलता

नगर के पॉश कॉलोनी के सूने मकानों का ताला तोड़कर 29 लाख 80 हजार रूपए जेवरात व नकदी चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी चोरी कर सीधे हवाई जहाज से फरार हुए थे। चोरी कर दिल्ली में ऐश करते रहे। आरोपियों से 20 लाख 14 हजार 740 रूपए नगद, सोने एवं चांदी के जेवरात तथा जब्त कार एवं 3 नग मोबाइल जुमला कीमती 30 लाख 19 हजार 740 रूपए जब्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध थाना मुंगेली में धारा 331(4), 305(ए), 317(2), 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।

जिला मुख्यालय करही के पृथ्वीग्रीन निवासी प्रार्थी आयुष राम पिता सुनील कुमार राम पिछले 1 माह से सत्येन्द्र बर्मन के मकान में किराए पर रहता है। 26 जुलाई को 8 बजे रात्रि प्रार्थी अपने पत्नी व छोटी बच्ची 2 वर्ष को लेकर घर में ताला लगाकर जिला अस्पताल मुंगेली चले गए थे। इस दौरान अज्ञात चोरों ने उनके घर में लगभग 29 लाख 80 हजार रुपए के सामान सहित नकद चोरी कर ली। इसी प्रकार इसी रात त्रिभुवन लाल यादव पिता सुमन लाल यादव उम्र 42 वर्ष निवासी पालचुवा थाना सिटी कोतवाली मुंगेली के घर ताला तोडकर चोरी होने रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली की गई थी। मामले की विवेचना के दौरान वाहनों की ट्रेकिंग की गई। इस दौरान एक सफेद रंग की वैगन-आर कार सीजी-04 केवाय-8365 प्राईम सस्पेक्ट पाई गई। बिलासपुर, एयरपोर्ट रायपुर एवं दिल्ली एयरपोर्ट के सीसीटीव्ही फुटेज अवलोकन कर आरोपी चिन्हांकन किया गया। प्राईम संदेही संदीप सतनामी के गांव में छोटे-छोटे बच्चों के साथ मिल-जुलकर रहता है जिसमें से 2 लड़के भी गांव से फरार होने की पुष्टि हुई। सीसीटीव्ही एवं टेक्निकल साक्ष्य के आधार पर पुलिस की अलग-अलग टीम मध्यप्रदेश एवं दिल्ली रवाना किया गया। आरोपियों द्वारा खाटुश्याम से वापस आते समय ग्वालियर मध्यप्रदेश से पुलिस टीम ने घेराबंदी कर एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लिया गया, इसी दौरान संदीप सतनामी अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग निकलने में सफल रहा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी एवं जब्त नकदी एवं जेवर, इनसेट में फरार आरोपी।

**पहले से हैं जुर्म दर्जः** आरोपी वेदप्रकाश साहू उर्फ बेदू पिता राम प्यार साहू उम्र 30 वर्ष निवासी भाठापारा ग्रामीण जिला बलौदाबाजार, गुलशन साहू पिता हेमराम साहू उम्र 25 वर्ष निवासी साहूपारा सिंगारपुर थाना भाटापारा ग्रामीण को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया एवं विधि से संघर्षरत 02 बालक के द्वारा चोरी की घटना में शामिल होना एवं की संपत्ति को अपने पास एवं घर में रखना पाए जाने पर विधि से संघर्षरत बालकों को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया। प्रकरण के फरार आरोपी संदीप सतनामी, मंजीत तथा गिरफ्तार आरोपी वेदप्रकाश साहू उर्फ बेदू राम व गुलशन साहू के विरूद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण व शहरी, थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार एवं खमतराई जिला रायपुर के विभिन्न थानों पर चोरी, मारपीट, हत्या के प्रयास जैसे कई अपराध दर्ज हैं।

### सिंगारपुर में पकड़े गए आरोपी

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने बताया कि एक विधि से संघर्षरत बालक अपने अन्य साथी मंजीत, संदीप के साथ अपने गांव से संदीप की कार क्रमांक सीजी-04 केवाय-8365 में बैठकर मुंगेली पृथ्वीग्रीन कालोनी आए थे और कालोनी अंदर जाकर 4 घरों का ताला तोड़कर चोरी के घटना का अंजाम दिए। उक्त चोरी में नकदी रकम एवं सोने चांदी के जेवर को चोरी करने के बाद संदीप द्वारा अपने साथी आरोपी वेदप्रकाश के पास सुरक्षित रखने के लिए दिए। मंजित और संदीप घटना के बाद से बाहर दिल्ली तरफ चले जाना बताए। पुलिस टीम ग्राम सिंगारपुर में दबिश देकर आरोपी वेदप्रकाश उर्फ बेदू, गुलशन साहू व एक विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लेकर बारिकी से पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार कर किए।

# बच्चों को सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक



सुरक्षा के प्रति छात्राओं को जागरूक करती पुलिस टीम।

**मुंगेली।** जिले में पुलिस द्वारा संचालित पहल अभियान के अंतर्गत 24 विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 8010 विद्यार्थी ने पहल कार्यशाला का लाभ लिया। विशेष रूप से कहानी एवं सच्ची दुर्घटनाओं के साक्षात उदाहरण द्वारा बच्चों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन पर पुलिस विभाग द्वारा चलाये जा रहे अभियान ''पहल'' के तहत जिले के विभिन्न स्कूलों में बच्चों के अपराध से बचाकर सुरक्षित भविष्य के उद्देश्य जागरूकता कार्यक्रम का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। अभियान ''पहल'' के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों में पुलिस कर्मचारी शोभा यादव, शत्रुहन खुंटे, बबीता श्रीवास, पुलिस बाल मित्र रोशना डेविड उड़ान जीएससो महासमुंद द्वारा विभिन्न महत्पूर्ण विषयों जैसे साइबर अपराध, यातायात के नियम व उसके पालन, नशामुक्ति एवं बच्चों व महिलाओं से संबंधित अपराधों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साइबर अपराध से 'सावधानी व सतर्कता कीजानकारी दिये। यातायात नियम का पालन करने, एवं नशा से दूरी बनाये रखने के लिये प्रेरित किये महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों से बचने के जानकारी साझा किया गया। विशेष रूप से पॉस्को एक्ट की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को अनुशासन लक्ष्य, पूर्ण शिक्षा, सुविचार एवं अच्छे संस्कार के साथ जीवन व्यतित करने के लिए जागरूक किया गया एवं आत्म सुरक्षा के टेक्निक बताया गया करने जिसमें विद्यार्थी अपने व्यक्तित्व का पूर्ण विकास कर सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुलिस विभाग के अधिकारी स्कूल प्राचार्य एवं शिक्षक अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

### 17 छात्रों ने बीएससी नर्सिंग की परीक्षा में सफलता अर्जित की



**मुंगेली।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित डॉ. ब्रास मास्टर की एकेडमी में 20 छात्रों में से 17 छात्रों ने बीएससी नर्सिंग की परीक्षा में सफलता अर्जित की है। संस्थान द्वारा इस वर्ष भी जेईई, नीट एवं सीयुईटी कोचिंग के साथ-साथ व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए बी.एस.सी.नर्सिंग, पीपीएचटी, पीईटी, पीएटी आदि की 45 से 75 दिवसीय निःशुल्क क्रैशकोर्स कोचिंग दी गई। व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षा का परिणाम गत दिवस घोषित किया गया। जिसमें एकेडमी के 20 छात्रों में से 17 छात्रों ने बी.एस.सी. नर्सिंग की परीक्षा में सफलता अर्जित की है। सफल छात्रों में निधि माथुर 93, तितरी बुनकर 89, जान्हवी टोंडे 86, दामनी साहू 81 परसेंटाइल तथा पीपीएचटी में 14, पीएटी में 15 छात्र-छात्रा सफल हुए। दिशा भास्कर ने सीयुईटी की परीक्षा में सफल हुई है।

### मुंगेली जिले के किसानों के खातों में आए 18 करोड़



**मुंगेली।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 20वीं किस्त का भुगतान किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित किसान सम्मेलन के माध्यम से वर्चुअली देशभर के किसानों को संबोधित किया। करही में कृषि प्रशिक्षण सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय कृषक सम्मेलन में 91 हजार 752 पात्र किसानों के खाते में 18 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकान्त पाण्डेय, उपाध्यक्ष शांति देववरण भास्कर, जनपद पंचायत मुंगेली अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार, जिला पंचायत सभापति उमाशंकर साहू, मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल, उप संचालक कृषि एमआर तिग्गा समेत अनेक जनप्रतिनिधि, कृषि वैज्ञानिक एवं अधिकारी उपस्थित रहे। इसी तरह विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम लोरमी और पथरिया में आयोजित किया गया, जिसमें जनता सदस्य एवं जनप्रतिनिधि सहित किसान उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत पात्र किसानों को प्रति वर्ष 06 हजार रुपए की सहायता राशि तीन किस्तों में दी जाती है। वर्ष 2019 से प्रारंभ इस योजना की अब तक 20 किस्तों का वितरण हो चुका है।

### खुशबू के सिर सजा सावन सुंदरी का ताज



**तखतपुर।** इन्फेंट हैवन वर्ल्ड स्कूल में सावन उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की विशेष अतिथि के रूप में नूरिता कौशिक (पूर्व जनपद अध्यक्ष तखतपुर), डॉ. वर्षा कौशिक और साक्षी तोलानी उपस्थित रहीं। इनकी गरिमामयी उपस्थिति में अभिभावकों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण सावन सुंदरी प्रतियोगिता रही, जिसमें ड्रा के माध्यम से खुशबू तोलानी को यह सम्मान प्रदान किया गया। उन्हें ताज पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया गया। बच्चों ने इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति प्रेम और हरियाली के महत्व पर सुंदर प्रस्तुतियाँ दीं और सभी को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में आकांक्षा स्वर्णम, शशि थवाईत, रीता शिवहरे, रोशनी कसेर, रीना ठाकुर, संतोषी देवांगन, अलका राय, सना बानो, नैंसी केसरवानी, प्राची ठाकुर, संध्या देवांगन, नसरीन बानो, श्रेया स्वर्णम सहित अन्य उपस्थित रहे।

# संगठन सृजन को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक



**बिल्हा।** प्रदेश व जिला कांग्रेस की ओर से जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए मंडल एवं सेक्टर कमेटी का गठन करने के संबंध में बिल्हा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक प्रभारी स्वपनिल शुक्ला के साथ बिल्हा के पूर्व विधायक सियाराम कौशिक एवं मंडी के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला उपस्थित रहे। इस दौरान ब्लॉक प्रभारी शुक्ला ने भौगोलिक स्थिति के अनुसार मंडल एवं सेक्टर गठन करने के निर्देश दिए। पूर्व विधायक सियाराम ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्त्ताओं को आपसी समंजस्य एवं तालमेल के साथ काम करने के लिए कहा। इस दौरान राजेंद्र शुक्ला ने भी अपने विचार रखे। ब्लॉक अध्यक्ष गीतांजलि कौशिक ने सक्रिय कार्यकर्त्ताओं को मजबूत लोगों की कमेटी बनाने एवं युवाओं व महिलाओ की भी भागीदारी सुनिचित करने को कहा। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष विमल अग्रवाल, केशव पाण्डेय, पूर्व उपाध्यक्ष नानक रेलवानी, जोगेन्दर सलूजा युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुनील साहू, संदीप यादव, विनोद दिवाकर, ब्रजेश शर्मा, घनश्याम डहरिया, पार्षद लाला यादव, गोल्डी पंजवानी, अमृत कोशले, रोहित साहू, सरस्वती डहरिया, शत्रुहन निषाद, देवी सिंह, मीना, हजारी भारद्वाज, सोनिया, बृजवासी, मनोज वर्मा, जगन्नाथ धुरी, संगीता यादव, राजू ध्रुव, लालू सन्नाट, प्रदीप सन्नाट, ज्वाला कौशिक, जीवन यादव धनुष मरावी, योगेश कौशिक सहित सैकड़ों लोग उपस्थिति थे।

## सड़क पर पैदल चलना हुआ मुश्किल, लोगों में आक्रोश

# मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हरनाचाका के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ लालपुर

मुंगेली जिले में बहुतेरे ऐसे गांव हैं, जहां के ग्रामीणों को बिजली, पानी एवं सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। जिले के लालपुर क्षेत्र का एक ऐसा ही गांव है हरनाचाका, जहां पहुंचने के लिए भारी मशक्कतों का सामना करना पड़ता है। सड़क की हालत इतनी खराब है कि स्कूली बच्चे एवं बुजुर्गों के लिए लोगों के लिए यह मुसीबत बन गई है। गांव में अंधेरा पसरा रहता है, लोगों को घरों में बिजली का कनेक्शन तो लगा है, वह नाम मात्र के लिए ही है। अनचाही बिजली कटौती के कारण गांव में पंप आदि भी बंद पड़े रहते हैं, जिस कारण लोगों को पानी भी समय पर नहीं मिल पाता।



### परेशान ग्रामीण सड़क पर उतरने को तैयार

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क, बिजली, पानी की समस्या गांव में आम हो गई है। सड़क मरम्मत को लेकर अनेकों बार बड़े-बड़े नेताओं को आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई झांकने नहीं आया। ऐसे में ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है एवं वे जन आंदोलन करने का मन बना रहे हैं।

### करेंगे चुनाव का बहिष्कार

गांव में समस्याओं को अंबार है, गांव से बाहर निकलने या गांव तक आने के लिए खतरनाक सड़क से गुजरना पड़ता है। गांव का सरपंच होने के नाते मेरे पास लोग फरियाद लेकर आते हैं, लेकिन जब हम ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर नेताओं के पास लेकर जाते हैं, तो वे निज सहायक से मिलने की बात कहकर चलता कर देते हैं। समस्याओं को देखना तो दूर सुनने वाला कोई नहीं है, इसलिए आने वाले समय में लोग चुनाव का बहिष्कार करने का मन बना रहे हैं।

- **नारायण सिंह राजपूत**, सरपंच हरनाचाका

# मुख्य नपा अधिकारी व अध्यक्ष ने किया वार्डों का निरीक्षण



**लोरमी।** मुख्य नपा अधिकारी चंदन शर्मा, नपा अध्यक्ष सुजीत वर्मा एव पार्षदों ने नगर को वार्ड क्रमांक 9, 10, 11 व 12 का निरीक्षण किया किया।

इस दौरान वार्डवासियों ने उन्हें विभिन्न मूलभूत समास्याओं से अवगत कराया, जिसमें तालाब में पचरी निर्माण, अपूर्ण सीसी रोड, आंगनबाड़ी में बाउंड्रीवाल, नाली निर्माण कार्य, चबूतरा निर्माण, सामुदायिक भवन में बिजली की अव्यवस्था आदि शामिल हैं। साथ ही लोगों ने हैंडपंप खनन की भी मांग की। जनप्रतिनिधियों ने वार्ड में लगाए गए पौधों का भी निरीक्षण किया। सीएमओ श्री शर्मा ने कहा है कि पौधों का संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, सोहन डडसेना, घनेंद्र राजपूत, पुष्पा छेदू यादव, कमलाकांत कश्यप, रमेश जायसवाल, अरविंद कुमार, लक्ष्मी नारायण, पार्षद धारणी पुरषोत्तम राजपूत, शत्रुहन तिवारी एवं अजय आदि उपस्थित रहे।